

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 29 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-122 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.


E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने दायर की चार्जशीट

**नई दिल्ली,29 जुलाई।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने ऐक्शन तेज कर दिया है. कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ सीबीआई ने सोमवार को राउज ऐवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दायर कर दी है. सीबीआई ने केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट ऐसे समय में दायर की है जब जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई होनी है. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया था. इसके बाद 26 जून को सीबीआई ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था. सीबीआई और ईडी ने अब आबकारी घोटाले में केजरीवाल के खिलाफ जांच पूरी कर ली है. सीबीआई ने पिछली सुनवाई में कोर्ट में बताया था कि रिश्वत लेने के बाद दिल्ली की आबकारी नीति के जरिए फायदा उठाने के लिए मन-मुताबिक बदलाव किया गया था. सीबीआई ने पिछली सुनवाई में कोर्ट में कहा था कि हमारे पास पैसे का ट्रेल है. साथ ही पर्याप्त सबूत भी हैं.

### यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी,कई यात्री घायल

**रायगढ़,29 जुलाई।** प्रतिस्पर्धा एवं टाइमिंग को लेकर यात्रियों की जान जोखिम में ड़ालते हुए यात्री बस सड़क पर बेलगाम दौड़ रही है द्य बसों की तेज रफ्तार पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है । आये दिन बस दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है । इसी कड़ी में सोमवार की सुबह रायगढ़ से जशपुर जा रही थी जय माता दी बस (क्रमांक सीजी 14 जी 0371) धरमजयगढ़ थाने क्षेत्र के सिसरिंगा मंदिर के पास अनियंत्रित होकर सड़क के बीचोंबीच पलट गयी । बस में सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे धरमजयगढ़ अस्पताल भेजा गया है जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि बस समय पर पहुँचने के लिए चालक तेज रफ्तार से चला रहा था।

### नक्सली बैनर लगाकर दहशत फैलाने की कोशिश

**कांकेर,29 जुलाई।** नक्सलियों का शहीदी सप्ताह रविवार से शुरू हो चुका है. इसके लिए नक्सलियों ने बैनर-पोस्टर के माध्यम से दहशत फैलाने का प्रयास कर रहे हैं. इस बीच कांकेर जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर मलांजकुडुम के घाटी के सड़क किनारे नक्सलियों ने बैनर जारी किया है. साथ ही बड़ी संख्या में पर्चे भी फेंके हैं. बैनर पर नक्सलियों ने शहीदी सप्ताह मनाने की अपील की है. जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर मलांजकुडुम के घाटी के सड़क किनारे पेड़ पर बैनर पोस्टर लगाए हैं और बड़ी संख्या में पर्चे फेंके हैं. नक्सलियों ने बैनर में 28 जुलाई से 3 अगस्त तक नक्सलियों की शहीदी सप्ताह मनाने की अपील की. नक्सलियों ने बैनर में लिखा है कि क्रांतिकारियों के संकल्प के साथ हर गांव, पंचायत, कस्बे, गली और शहर में शहादत सप्ताह मनाएं.

### जर्मनी ने 4 मस्जिदों को सील किया

**बर्लिन,29 जुलाई।** जर्मनी ने 4 मस्जिदों को सील कर दिया है। साथ ही इस्लामिक चरमपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने वाली संस्था 'इस्लामिक सेंटर हैम्बर्ग' पर बैन लगा दिया है। जर्मनी ने इस संस्था के 53 ठिकानों पर छापेमारी करने के बाद 4 मस्जिदों में ताला लगा दिया। बैन लगने वाले मस्जिदों की लिस्ट में जर्मनी की हैम्बर्ग की सबसे प्रसिद्ध नीली मस्जिद भी शामिल है। वहीं जर्मनी में मस्जिदों को सील करने का मुद्दा अब पाकिस्तान में भी उठने लगा है।

# कसडोल में मां-बेटी की हत्या




**कसडोल, 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल क्षेत्र में मां और बेटी की निर्मम हत्या कर दी गई है। दोनों के शव घर पर अधजली हालत में मिले हैं, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम भदरा में रहने वाली संतोषी साहू और उनकी बेटी की लाश घर के अंदर मिली है। अज्ञात हमलावरों ने महिला और उसकी बेटी की हत्या कर शवों को जलाने का प्रयास किया था। इस दोहरे हत्याकांड की खबर मिलते ही कसडोल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बलौदाबाजार एसपी विजय अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मृतका संतोषी साहू के पति की मौत 2 साल पहले हो चुकी है। संतोषी साहू अपने एक बेटे ओमकार साहू और बेटी के साथ अकेली रहती थी। घटना के समय बेटा दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अहिल्दा गांव गया हुआ था। घटना के दिन मृतका के बेटे ओमकार ने अपनी मां को फोन लगाया, लेकिन जब किसी ने भी फोन नहीं उठाया तो उसने अपने बड़े पापा के घर फोन लगाया। बड़े पापा ने जब घर पहुंचकर देखा तो उन्हें घटना का पता चला। इस दोहरे हत्याकांड ने आसपास के गांवों में सनसनी फैला दी है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है ताकि हत्या के कारणों का पता चल सके और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। इस घटना ने मृतका के परिवार और गांव में गहरा दुख और भय फैला दिया है। प्रशासन और पुलिस जल्द से जल्द इस मामले को सुलझाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

### पुल पर बाइक धो रहा युवक नदी में बहा

**कोंडागांव,29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव के फरसगांव में युवक अपनी बाइक पुल में धो रहा था। इस दौरान नदी में तेज बहाव आने की वजह से बाइक के साथ बहता चला गया। यह पूरी घटना नेशनल हाइवे 30 जुगानी के पुराने पुल की है। बताया जा रहा है कि, युवक रविवार शाम 4 बजे पुराने पुल में अपनी बाइक को धो रहा था। तभी पानी के तेज बहाव के कारण बाइक के साथ बह गया। हलांकि किसी तरह युवक तैरकर पेड़ का सहारे निकला तो झाड़ियों में जा फंसा। लेकिन बाइक पानी में ही डूब गई है। युवक फरसगांव के जुगानी का रहने वाला है। जब वो इस मुसिबत में फंसा था, थाना प्रभारी नरेश साहू टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### राज्यपाल से विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर.**राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने सौजन्य भेंट कर उनके कार्यकाल के दौरान राज्य में उच्च शिक्षा की बेहतरी के लिए उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



**रायपुर। शिवधाम स्थित अघोरेश्वर महादेव मंदिर में विशाल शिवलिंग का आज सावन के दूसरे सोमवार पर भक्तजनों ने जलाभिषेक किया।महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में शिवभक्तों ने आस्था के जल अर्पित किए।**

## 13 आईएस कोचिंग संस्थानों के बेसमेंट सील

**नई दिल्ली,29 जुलाई।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर में तीन यूपीएस छात्रों की मौत के बाद एक के बाद एक बड़े ऐक्शन लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रशासन ने अब बुल्डोजर ऐक्शन लिया है। जानकारकी के मुताबिक ये कार्रवाई ओल्ड राजिंदर नगर में कथित अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही है। मौके पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद हैं। इससे पहले पुलिस इस मामले में 5 अन्य लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है जिसके बाद गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 7 हो गई है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में शामिल हर शख्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली पुलिस ने उस गाड़ी के ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया है जो शनिवार शाम ओल्ड राजेंद्रनगर इलाके में पानी के बीच से गाड़ी निकालकर ले गया था। इसी के चलते पानी में तेज लहर उठी थी जिससे कोचिंग सेंटर का गेट टूट गया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इससे पहले एमसीडी ने भी सख्त ऐक्शन लेते हुए इलाके के 13 कोचिंग संस्थानों के बेसमेंट सील कर दिए थे। रविवार को अधिकारी ने बताया कि नगर निगम एक कोचिंग सेंटर के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने से तीन लोगों की मौत की घटना की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करेगा। दिल्ली सरकार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि नगर निगम की एक टीम रविवार को ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में अवैध रूप से संचालित कई कोचिंग सेंटर के 'बेसमेंट' को सील करने पहुंची। रविवार देर रात तक जारी कार्रवाई के दौरान करीब 13 कोचिंग सेंटर सील किए गए। इनमें आईएएस गुरुकुल, चहल अकादमी, प्लूटस अकादमी, साई ट्रेडिंग, आईएएस सेतु, टॉपर्स अकादमी, दैनिक संवाद, सिविल्स डेली आईएएस, करिअर पावर, 99 नोट्स, विद्या गुरु, गाइडेंस आईएएस और 'इजी फॉर आईएएस' शामिल हैं। जिस कोचिंग सेंटर में तीन यूपीएससी छात्रों की मौत हुई, उसे लेकर भी बड़े खुलासे हुए हैं। कोचिंग सेंटर को मिली एनओसी के मुताबिक बेसमेंट का इस्तेमाल केवल स्टोरेज के लिए किया जाना था लेकिन इसके विपरित वहां लाइब्रेरी बनाई गई। इसके अलावा बेसमेंट में कोई ड्रेनेज सिस्टम भी नहीं था जिससे पानी बहुत जल्दी भर गया जिसमें तीन छात्रों की डूबकर मौत हो गई।




### कोचिंग अब धंधा, अखबारों में विज्ञापन देखिए: धनखड़

**नई दिल्ली,29 जुलाई।** दिल्ली के एक आईएएस कोचिंग संस्थान में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत का मसला सोमवार को संसद में भी गूंजा। इस पर राज्यसभा में बहस छिड़ी तो सभापति जगदीप धनखड़ ने भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आज कोचिंग एक धंधा बन गया है। उन्होंने कहा, कोचिंग आज एक तरह से धंधा बन गया है। हम अकसर अखबार पढ़ते हैं तो शुरुआत के एक दो पन्नों में उनके ही विज्ञापन मिलते हैं। बता दें कि शनिवार को बेसमेंट में पानी भरने से तीन कोचिंग स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। इसके अलावा बीते सप्ताह ही एक छात्र की बारिश होने के बाद करंट लगने से मौत हो गई थी।

## आत्म-अनुशासन के बिना कोई पूजा संभव नहीं: योगी

**लखनऊ,29 जुलाई।** सावन माह में बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी कांवर यात्रा शुरू की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे विश्व में विख्यात भगवान शिव का पवित्र सावन महीना देश में शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का शुभ महीना सावन शुरू हो चुका है। सावन माह की कांवर यात्रा तो पूरी दुनिया जानती है। भगवान शिव के भक्त देश भर में शिव मंदिरों में जलाभिषेक कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा समुचित व्यवस्था की गयी है। उन्होंने भक्तों से आत्म-अनुशासन सुनिश्चित करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि उनकी सुरक्षित और संरक्षित यात्रा के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा उचित व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई समस्या न हो। भगवान शिव की कृपा



हम पर सदैव बनी रहती है। आत्म-अनुशासन के बिना इनमें से कुछ भी संभव नहीं है। इस यात्रा को पूरा करने के लिए व्यक्ति में समर्पण और अनुशासन होना जरूरी है।

योगी ने आगे कहा कि हम देख रहे हैं कि न केवल सरकार बल्कि विभिन्न समाजों के लोग भी भगवान शिव के प्रति पूरी आस्था के साथ यात्रा में शामिल हैं। सरकार ने सभी श्रद्धालुओं के लिए ड्रोन, कैमरे और सुरक्षा की व्यवस्था की है। उनके रहने और खाने की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मैं भक्तों से अपील करता हूं कि वे समर्पण के साथ यात्रा का आनंद लें और अपनी कांवर यात्रा पूरी करें। मैं सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित यात्रा की प्रार्थना करता हूं।

सावन का पवित्र महीना आम तौर पर जुलाई और अगस्त के बीच आता है और यह विनाश और परिवर्तन के देवता को समर्पित पूजा, उपवास और तीर्थयात्रा की अवधि का प्रतीक है। सावन हिंदू पौराणिक कथाओं में एक विशेष स्थान रखता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस महीने में भगवान शिव ने समुद्र मंथन (समुद्र मंथन) से निकले जहर का सेवन किया था, जिससे ब्रह्मांड को इसके विषाक्त प्रभाव से बचाया गया था। इस अवधि के दौरान भक्त भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए उपवास करते हैं और प्रार्थना करते हैं। सावन की ठंडी बारिश शिव की करुणा और परोपकार का प्रतीक है।

## केंद्रीय बजट जनजातीय समुदायों को बनाएगा सशक्त: सर्बानंद सोनोवाल

**शिलांग , 29 जुलाई।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज




शिलॉन्गब में इलाके व्यापारिक समुदाय के नेताओं, युवाओं और महिलाओं के साथ केंद्रीय बजट, 2024 पर चर्चा में हिस्सा। लिया। चर्चा केंद्रीय बजट के प्रावधानों के इर्द-गिर्द रही, जो विकसित भारत के विचार को साकार करने की दिशा में रोडमैप तैयार करता है। सोनोवाल ने कहा कि इस बजट से पूर्वोत्तर भारत काफी लाभान्वित होगा क्योंकि इसका उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और आदिवासी समुदायों को सक्षम बनाकर इलाके के आर्थिक, औद्योगिक और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाना है। आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण पर आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, ''केंद्रीय बजट 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में रोडमैप निर्धारित करता है। नए जोश और प्राथमिकता के साथबजट का उद्देश्य पूर्वोत्तर के युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों को सशक्तम बनाना और आर्थिक, औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना है।



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे।

### दो हिस्सों में बंटी संपर्क क्रांति

**समस्तीपुर,29 जुलाई।** जिले में एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टला है। दरअसल, यहां दरभंगा से नई दिल्ली जा रही बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन अचानक दो हिस्सों में बट गई। बताया जा रहा है कि ट्रेन के डिब्बे इंजन से अलग हो गए। वहीं मौके पर रेलवे के अधिकारी भी पहुंच गए हैं। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर इंजन से डिब्बों को जोड़ने के कार्य में जुटे हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। घटना समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के खुद्दीराम बोस पूसा रेलवे स्टेशन के पास हुई है।


## घायल अवस्था में मिला तेंदुआ

**राजिम/पाण्डुका,29 जुलाई।** वन परिक्षेत्र पाण्डुका के अंतर्गत ग्राम सांकरा के मुरही खार जो की सब स्टेशन से कुछ दूरी पर है वहां पर जब किसान सवेरे अपना खेत देखने गए थे एक तेंदुआ पेड़ के किनारे छटपटाते रहा था जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी ग्रामीणों की सूचना पर विभाग मौके पर पहुंच कर तेंदुवे का रेस्क्यू किया जिसे फिर प्राथमिक उपचार के लिए पाण्डुका पशु चिकित्सालय भेजा गया।घायल तेंदुआ को गजराज वाहन में उठा कर ले गए ।जिस पेड़ के पास तेंदुआ घायल अवस्था में छटपटा रहा था वहां पर 11 केवी विद्युत तार झुका हुआ है। जिसकी चपेट में आने से घायल होने का अंदेशा लगाया जा रहा है।,पूरा मामला पांडुका वन परिक्षेत्र के ग्राम सांकरा का है। बताया जा रहा की तेंदुवा का कमर टूटा है कयास लगया जा रहा है कि बंदर के लालच में तेंदुआ चढ़ा रहा होगा और उसको छलांग लगाने के चक्कर में कहीं वह गिर गया होगा ,या फिर उसका पूछ 11 कवि के तार में टच कर गया जिस वजह से वहां करंट की चपेट में आने से खेत में गिर गया पर जिस हिसाब से करंट लगता है उसमें तो पूरा शरीर झुलस जाता है कहीं पर भी इसका शरीर झुलस हुआ नजर नहीं आ रहा है ऐसे में तरह-तरह के कयास लगाया जा रहे हैं क्योंकि वन परिक्षेत्र पांडुका में ऐसे भी जीव जंतुओं के ऊपर खतरा मंडरा रहा है ऊपर से बचा हुआ तेंदुआ का यह हाल है तो कहीं ना कहीं जिम्मेदारों की लापरवाही है कि जंगली जीव को बचाव के लिए सुरक्षित नहीं है वही बताया जा रहा है कि रायपुर से डॉक्टर के टीम घायल टेंडन के उपचार के लिए पहुंच रहा है उसके बाद उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर किया जाएगा



### संदिग्ध हालत में मिली चीतल की लाश

**राजिम ,29जुलाई।** वन मंडल गरियाबंद के विभिन्न परिक्षेत्र में इन दिनों नों जंगली जानवरों की सामंत आई हुई है जिसमें आज सवेरे की घटना है कि पांडुका परिक्षेत्र में तेंदुआ घायल अवस्था में खेत में पड़ा मिला कुछ घंटे बाद जानकारी मिला की फिंगेश्वर वन परीक्षेत्र के टेवारी खुडसा मंदिर के पास ले जंगल में एक हिरन की खेत में मृत पाया गया तो वही मैनपुर में भालू द्वारा किसी व्यक्ति को नोचने की खबर आ रही है। तो दूसरी तरफ पांडु का परिक्षेत्र के जंगल में मौजूद हाथी आसपास के गांव में तहलका मचाया है। तो वही इस हिरन के शिकार करने की बात सामने आ रही है हालांकि जिम्मेदारों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामला का खुलासा होगा। वन परिक्षेत्र फिंगेस्वर के टेंवारी मंदिर के पास खेत मे मृत इस चीतल का शव मिलना अब वन विभाग के लिए शिकारियों को पकड़ना चुनौती है। वन विभाग के जिमेदारो की माने तो पीएम के बाद करेंगे चीतल का अंतिम संस्कार के बाद मृत चीतल के संबंध में जांच करने की बात कह रही है।



### आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल : 2024 पेरिस भारतीय मुक्केबाजों के हौसले बुलंद

jasclaudius@gmail.com

# रिंग में सतर्कता और जागरूकता से मिलेंगे पदक

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

संसार में खेले जाने वाले खेलों में से कुछ खेल बहुत खतरनाक, कुछ खतरनाक होते हैं। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल मुक्केबाजी खेल को भले ही खतरनाक की श्रेणी में न रखे परंतु इसके मुकाबले में भाग लेने वाले को साहसी और हिम्मतवाला होता अत्यंत जरूरी है। उसके अलावा मुक्केबाज को फुर्तीला, तत्काल निर्णय लेने वाला, समय का पाबंद, मानसिक रूप से परिपक्व तथा हार या जीत मिले उसे परिस्थिति में अपने आप पर नियंत्रण रखने वाला होना चाहिए। आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को कोर गेम्स की श्रेणी में रखा गया है। भारत के मुक्केबाजों ने सबसे पहले 1948 लंदन ओलंपिक खेलों में भाग लिया इसमें सात मुक्केबाज, 1952 हेलसिंकी में चार शामिल हुए। 1956 से 1968 तक हमारे मुक्केबाज ओलंपिक खेलों के लिए योग्यता हासिल नहीं कर सके। 1972 म्यूनिख में सिर्फ एक, 1976 में दो, 1980 में तीन, 1984 में दो, 1988 में तीन, 1992 में पांच, 1996 में तीन, 2000 में चार, 2004 में चार, 2008 में पांच पुरुष मुक्केबाजों ने आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए योग्यता हासिल की। 2012 लंदन ओलंपिक में पहली बार एक महिला मुक्केबाज एमसी मेरीकाम के साथ अन्य सात पुरुष मुक्केबाजों ने योग्यता हासिल की। 2016 के रियो द जेनेरियो ओलंपिक खेलों में तीन पुरुष जबकि 2020 टोक्यो 5 पुरुष के अलावा चार महिला मुक्केबाजों ने योग्यता प्राप्त करने में सफलता पाई थी। भारत की ओर से ओलंपिक खेलों में अब तक 2008 बीजिंग में विजेंदर सिंह ने मिडिल वेट याने 75 किलोग्राम इवेंट में कांस्य पदक जीता। सबसे प्रशंसनीय उपलब्धि भारतीय महिला मुक्केबाज एमसी मेरीकाम की रही जिन्होंने लंदन 2012 में पहली बार इन खेलों में रिंग में उतरते ही भारत के लिए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। मुक्केबाजी



में भारत के पुरुष मुक्केबाजों को कोई और सफलता नहीं मिली लेकिन 2020 टोक्यों में महिला वर्ग के 75 कि.ग्रा. वजन वर्ग वेल्टरवेट में एक अन्य महिला मुक्केबाज लवलीना गोरबोहेन ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रकार अब तक भारत की ओर से 58 मुक्केबाज ओलंपिक में 1948 से 2020 तक रिंग में उतरे लेकिन पदक की दृष्टि से सिर्फ एक कांस्य पदक प्राप्त करने में कामयाब हुए। दूसरी तरफ 2012 से महिला भारतीय मुक्केबाजों ने अपना दम खम दिखाना आरंभ किया तथा 2012 के साथ 2020 में सिर्फ दो बार ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने में सफल हुए। 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए दो पुरुष व चार महिला मुक्केबाजों ने योग्यता हासिल करने में सफलता पाई। ओलंपिक खेलों में पुरुषों के 51, 57, 63.5, 71, 80, 92 तथा +92 किलोग्राम वजन वर्ग में पदक के लिए संघर्ष होता है जबकि महिलाओं के लिए 50 किलोग्राम, 54, 57, 60, 66, 75 वजन वर्ग में मुकाबले होंगे। इस प्रकार 2024 के पेरिस ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी के 15 इवेंट में 15 स्वर्ण, 15 रजत साथ ही 15 कांस्य पदक सहित 45 पदकों का फैसला होगा। भारत की पुरुष टीम के अमित पंघाल 51 किग्रा वजन वर्ग साथ ही निशांत देव 71 किग्रा वजन वर्ग में पदक जीतने के लिए प्रयासरत होंगे। अभी भारतीय ओलंपिक संघ नई दिल्ली के साथ विभिन्न प्रदेशों के मुक्केबाजी संघ की ओर अधिक कसरत की आवश्यकता होगी। ताज्जुब की बात है कि हमारे देश में ओलंपिक खेलों के पुरुष वर्ग के सात वजन वर्ग में से पांच वजन वर्ग में साथ ही महिलाओं के छः वजन वर्ग में से चार में से किसी मुक्केबाज ओलंपिक खेलों में सम्मिलित होने के योग्य नहीं निकले। हमारे देश के खेलों के शुभचिंतकों के लिए सचमुच यह सोचने की बात है कि मुक्केबाजी के 13 स्वर्ण, 13 रजत, 13 कांस्य याने कुल मिलाकर 39 पदकों में से 7 स्वर्ण, 7 रजत, 7 कांस्य पदक सहित कुल 21 पदकों के लिए कोई योग्य भारतीय मुक्केबाज उपलब्ध नहीं है। 2024 के पेरिस ओलंपिक में कम से कम तीन पदक हासिल करने की स्थिति में है। परंतु इसके लिए उन्हें रिंग में सतर्क व जागरूक होकर विपक्षी से मुकाबला करना होगा।

**एक नजर**

## छात्रा से 3 लाख की ठगी

**भिलाई, 29 जुलाई** भिलाई कॉलेज छात्रा को इंस्टाग्राम पर जॉब ऑफर का रील देख लिंक पर क्लिक करना भारी पड़ गया। ठगों ने झांसा देकर उसके खाते से तीन लाख रुपए से ज्यादा ठगी कर दी रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि 7वीं बटालियन कातुलबोड़ सी 6 निवासी लक्ष्मी टंडन (20 साल ) कॉलेज में पढ़ाई करती है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 जुलाई 2024 को उसने इंस्टाग्राम पर रील के माध्यम से एक जॉब अप्लाई का विज्ञापन देखा। जिस पर क्लिक करने पर वाट्सअप पर उनका डिटेल्स लिया गया। इसके बाद उसमें खाता बनाने के लिए एक लिंक भेजा गया तथा उसमें डिटेल्स भरने के बाद मयंत्रा नामक साइट खुला जिसमें बोनस राशि के रूप में 60 रुपए दिया गया। इसके बाद टास्क के लिए 100 रुपए भेजने के बाद वाटसअप पर ही टेलीग्राम लिंक भेजा गया। जिसमें डिटेल्स भरकर यूजरनेम पर भेजने पर काम के बारे में जानकारी दी गई 160 रुपए का ऑर्डर पूरा करने पर 240 रुपए का लाभ दिखाया गया और राशि का निकालने के लिए बैंक डिटेल्स मांगा गया। छात्रा ने पैसे निकालने के लिए अपना बैंक डिटेल डाल दिया। इसके बाद प्रार्थिया को बहुत सा टास्क दिया गया। प्रार्थिया को हर टास्क के लिये राशि जमा करना पड़ा और ऐसे बहुत से टास्क मिले जिसे पूरा करने के बाद भी लाभ की राशि नहीं मिली। इसके बाद टास्क के लिए छात्रा ने अपनी मां मंजू टंडन के फोन पे खाते से कई ट्रांजेक्शन हुए शातिरों ने लाभ का भरोसा देकर युवती व उसके मां मंजू टंडन के खाता से कुल 3,32813 निकाल लिए फिलहाल इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है

## घर का ताला तोड़ नगदी,सामान की चोरी

**भिलाई, 29 जुलाई**। भिलाई उतई थाना अंतर्गत एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चौर ने घर में रखे नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 305,331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। उतई पुलिस ने बताया कि उमरपोटी निवासी श्रीमती शांति नेताम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जुलाई की रात 10.30 बजे अपने मकान में ताला लगाकर सेक्टर 04 चली गयी थी दूसरे दिन शाम को घर वापस आयी तो देखी कि घर के मेन गेट का तीन ताला टूटा हुआ था सामान मिलान करने पर घर के रजिस्टर में दबा 5000 रुपए नगद, सीसीटीवी का डीवीआर चोरी हो गया था।

## छात्र ने घर में फांसी लगा ली

**भिलाई, 29 जुलाई**। भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र स्कूली छात्र ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करन का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि तरिया पार विनोबा नगर जुनवानी निवासी चुम्मन लाल साहू 16 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली चुम्मन के पिता शिव प्रकाश साहू स्कूल में माली का काम करते है मां सुरेखा साहू टेलरिंग का काम करती है। चुम्मन रात को खाना खाया और किताब लेकर ऊपर के कमरे में पढ़ने के नाम पर गया काफी देर बाद उसके पिता ने उसके मोबाइल पर कॉल किया लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया। तब अपने बडे बेटे को चुम्मन के पास देखने भेजा तो चुम्मन फांसी पर लटका मिला।

## खुशहाली की मुरादों के लिए ताजबाग भेजी उर्स पाक की चादर



**भिलाई, 29 जुलाई**। हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैह नागपुर का 102 वां उर्स पाक 29 जुलाई से मनाया जाएगा और शाही संदल 2 अगस्त को निकलेगा। वहीं 5 अगस्त बड़ा कुल शरीफ होगा जिसकी तैयारियां ताज बाग नागपुर में पूरी कर ली गई है। इसी सिलसिले में साक्षरता चौक कैम्प-1 के सामने स्थित ताज दरबार नानी अम्मा-भिलाई में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की जानिब से अकीदतमंदों की मुरादों के साथ चादर पेश की जा रही है।

## भिलाई-चरौदा में किया जायेगा जनसमस्या निवारण शिविर पखवाड़ा का आयोजन

**भिलाई-चरौदा**। भिलाई-चरौदा निगम द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर पखवाड़ा 27 जुलाई से प्रारंभ होकर 8 अगस्त तक कुल 10 शिविर आयोजित किये जायेगें। जिसमें नागरिकों की मांग एवं शिकायत से संबंधित आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस संबंध में निगम कमिश्नर एम भार्गव प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर अधिकारियों/कर्मचारियों को दायित्व प्रदान किया गया है।

# विधायक ने कबीरधाम जिले से अमरकंटक गए कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 29 जुलाई**। कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा हेतु विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरकंटक, जिला अनुपपुर (म.प्र.) में 22 जुलाई से 18 अगस्त तक तक नवनिर्मित पालिका परिषद् में उनके ठहरने एवं भोजन हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा निशुल्क व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रियों का आगमन हो रहा है जहाँ भावना बोहरा के संस्थान के सदस्यों द्वारा उनकी सेवा की जा रही है। 27 जुलाई को विधायक भावना बोहरा भी अमरकंटक पहुंची और भगवान शिव एवं नर्मदा मैय्या के दर्शन पूजन कर समस्त छत्तीसगढ़ की खुशहाली व समृद्धि की कमाना की। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने कबीरधाम जिले से आए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से भेंट कर उनकी सेवा की। उन्होंने अपने हाथो से उन्हें भोजन परोसा और संध्या में महाआरती की। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण यहां आयोजित होने वाले महारती में शामिल होते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए जहाँ भक्तिमय गीतों में झूमते दिखे। कबीरधाम जिले की भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने भी इस दौरान उपस्थित थीं। भावना बोहरा ने कहा कि आज महादेव और माँ नर्मदा के दर्शन एवं पूजा करने के साथ-साथ कबीरधाम जिले से पधारे कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा करने का भी सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। उनके चेहरों पर आई खुशी और कठिन यात्रा के बाद हमारे प्रयास से उन्हें सुविधा मिली उसे देखकर बहुत ही प्रसन्नता हुई है। मैं कबीरधाम जिले से पधारे समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ और आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा। कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक आस्था और भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है। श्रावण मास के शुभ अवसर पर कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का हमें पुण्य अवसर मिल रहा है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। भजन संध्या में भी हजारों की संख्या में आप सभी की उपस्थिति हमें अपने इन प्रयासों को निरंतर जारी रखने के लिए बल प्रदान करती है। हमारी धार्मिक परंपरा व संस्कृति को जिवंत रखने और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इससे अवगत कराने के लिए इतनी कठिन यात्रा करके पधारे कांवड़ियों की सुविधा, सात्विक भोजन एवं विश्राम हेतु यहां हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। संस्थान के सदस्यों द्वारा भी उनकी सुविधा में कोई कमी न हो उसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आज सभी के साथ भोजन करने का भी अवसर हमें मिला। इस दौरान उन सभी कांवड़ यात्रियों से बातचीत भी की और उन्होंने इस यात्रा को लेकर अपने जो विचार मुझसे साझा किये वह मेरे लिए भी एक प्रेरणा है। उन्होंने जिस उत्साह के साथ बताया कि यह यात्रा उनके लिए कठिन नहीं बल्कि बहुत ही आनंदित करने वाली है और भोलेनाथ का आशीर्वाद उनके साथ है। उनकी यह बात सुनकर मुझे भी प्रेरणा मिली की जब आप अपने लक्ष्यों को निर्धारित करते हैं तो उसे पूरा करने के लिए अपना पूरा प्रयास करें और फिर जब सफलता आपको मिलती है तो उससे बड़ा कोई आनंद नहीं है। हमने भी जो संकल्प पंडरिया विधानसभा की समृद्धि और जनता की खुशहाली के साथ ही धार्मिक परंपरा को सहेजने का जो संकल्प किया है उसे पूरा करने के लिए हमेशा प्रयास करती रहूंगी और पूर्ण निष्ठा से अपने कर्तव्यों को पूरा करती रहूंगी। मैं भोलेनाथ से प्रार्थना करती हूँ की हर पथ में आप सभी का सहयोग,मार्गदर्शन मुझे मिलता रहे।

# 2.65 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले को मप्र से किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 29 जुलाई**। प्रार्थी धन्नू राम पटेल पिता कुंजलाल पटेल उम्र 45 साल साकिन तरेगांव मैदान थाना बोड्ला जिला कबीरधाम के द्वारा दिनांक 09-07-2024 को थाना बोड्ला आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29-08-2020 को जोएब उल्लाह ऊर्फ जुबीखान पिता अजमत उल्लाह खान उम्र 39 साल निवासी घोंघा थाना बोड्ला जिला कबीरधाम ने नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख 65 हजार रूपये ले लिया था और नौकरी न लगने पर पैसे वापस नही कर रहा था प्रार्थी द्वारा आरोपी के विरूद् मामला दर्ज कराने पर थाना बोड्ला में अपराध क्रमांक 165/2024 धारा 420 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया । पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव द्वारा तत्काल आरोपी की पतासाजी हेतु थाना बोड्ला में टीम का गठन किया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम विकास कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम पुष्पेन्द्र बघेल के दिशा निर्देशन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में आरोपी की पतासाजी प्रारंभ की गई सायबर सेल कवर्धा की मदद से आरोपी के विषय में दिनांक 27-07-2024 को सूचना मिली की फरार आरोपी जोएब उल्लाह उर्फ जुबीखान मयध्यप्रदेश के थाना बैहर क्षेत्र में उपस्थित है पुसि अधिकारियो द्वारा तत्काल संपर्क कर आरोपी को थाना बैहर से अभिरक्षा में लेकर थाना बोड्ला लाया गया आरोपी के विरूद् पूर्व मे भी थानाभोरमदेव में मामला दर्ज होने से आरोपी को गिर. कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 368 मनोज महोबिया, 453 उमाशंकर नाग, आरक्षक 142 राजकुमार साहू, 715 दीपचंद नेताम, 202 सुरेश कुमार धुर्वे एवं सायबर सेल कवर्धा का प्रमुख योगदान रहा ।

## भाजपा सरकार की महंगाई और बेरोजगारी से सभी परिवार परेशान :सीमा अनंत

**कवर्धा, 29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)**। आल इंडिया महिला कांग्रेस के आह्वान पर छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती फुलोदेवी नेताम के निर्देश पर ज़िला कबीरधाम से ज़िलाध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली रवाना हो चुके है दिनांक 29 जुलाई को। दिल्ली के जंतर मंतर में पूरे देश की महिलायें का जमवाड़ा है देश में बढ़ती महंगाई , लचर क़ानून व्यवस्था के चलते बढ़ते अपराध एवं बेरोज़गारी को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाना है । ञ्द्य देश में भाजपा सरकार के शासन से आम जनता परेशान है छोटे और मध्यम परिवार को परिवार चलाना कठिन हो गया है आम रोज़मर्रा के घरेलू आवश्यक वस्तु पर जीएसटी के भार से महंगाई का सीधा असर। आम जनता पर पड़ रहा है रसोई गैस डीजल पेट्रोल के दरों पर लगातार बढ़ने से महंगाई का मार से कोई अछूता नहीं है ।



## मंडल अध्यक्ष ने सीएचसी का निरीक्षण किया



**उतई, 29 जुलाई**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई का मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। एवं वार्ड में भर्ती उल्टी दस्त के मरीजों का हाल चाल जाना इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा,भाजयुमो अध्यक्ष उतई मंडल प्रवीण यदु,किसान मोर्चा अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत,भाजयुमो महामंत्री करन सेन,भाजयुमो मीडिया प्रभारी भूपेंद्र साहू,भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य वैभव देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भिलाई-चरौदा जनसमस्या निवारण शिविर में 246 आवेदन मिले




**भिलाई-चरौदा**। भिलाई-चरौदा निगम द्वारा 27 जुलाई से 08 अगस्त तक कुल 10 जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 27 जुलाई को पहले शिविर का आयोजन वार्ड-06 उमदा में हुआ। जिसमें आधार अपडेट, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, संपदा विभाग, राजस्व विभाग, जल कार्य, जन्म-मृत्यु-विवाह, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लोक निर्माण कार्य, भवन अनुज्ञा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत कार्य तथा सफाई-स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर संबंधित विभाग के कर्मचारी द्वारा शिविर में पहुंचे नागरिकों के मांग/शिकायत संबंधी आवेदन लिया। गौरतलब है कि उमदा में आयोजित आज के शिविर में वार्ड क्रमांक-01 इंदिरा नगर हथखोज, वार्ड क्रमांक-02 हथखोज बस्ती, वार्ड क्रमांक-03 अकलोरडीह, वार्ड क्रमांक-04 जरवाय एवं वार्ड क्रमांक-06 उमदा के निवासियों ने बडी संख्या में भाग लेकर अपने मांग और शिकायतों के सबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के आज के शिविर में कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 246 रही। इनमें 41 आवेदनों का शिविर के दौरान ही निराकरण करने की कार्यवाही की गयी। जबकि शेष 205 आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। महापौर निर्मल कोसरे ने शिविर में पहुंचकर प्राप्त आवेदनों पर यथाशीघ कार्यवाही करने के निर्देश विभाग प्रमुख कर्मचारियों को प्रदान किये। उनके साथ निगम कमिश्नर डी एस राजपूत, अति. तहसीलदार पवन ठाकुर, महापौर परिषद की सदस्य श्रीमती संतोषी निषाद, श्रीमती दीप्ति आशीष वर्मा, वार्ड-04 के पार्षद भूपेन्द्र वर्मा, पूर्व पार्षद अशीष वर्मा, विनोद निषाद जन समस्या निवारण शिविर में उपस्थित रहे। साथ ही निगम कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता डी.के.पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू उप अभियंता मुकेश रात्रे, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता किसलय साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर ये सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में मौजूद रहे।

## श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षा सप्ताह



**कवर्धा, 29 जुलाई**। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सभी स्कूलों में ''शिक्षा सप्ताह'' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा में 22 से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों के सहयोग तथा नवाचार के भाव को बढ़ाना है। इसके अंतर्गत 22 से 28 जुलाई तक सप्ताह में प्रतिदिन विषयानुसार अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। पहले दिन टीएलएम , दूसरे दिन एफएलएन , तीसरे दिन खेल गतिविधि , चौथे दिन सांस्कृतिक गतिविधि , पाँचवे दिन स्किल और डिजिटल पहल, छठवें दिन 'इको क्लब' और सातवे दिन स्कूल न्यूट्रीशन डे (तिथि भोजन) आदि गतिविधियाँ कराई गई। टीएलएम दिवस पर काटबोर्ड अथवा चार्ट पेपर से शैक्षिक बोर्ड अथवा चार्ट, कहानी कार्ड के माध्यम से बच्चों को सिखाया गया। 'एफएलएन' दिवस में बच्चों को पुस्तकें पढ़ने भौतिक साक्षरता, संख्यात्मकता से संबंधित गतिविधियाँ कराई गई। कहानी सुनाकर भाषा विकास की दिशा में प्रयास किया गया। खेल दिवस पर स्थानीय खेलों जैसे - कबड्डी, फुगड़ी, खो-खो आदि खेलों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक दिवस पर लोकनृत्यों के जरिए विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन किए । स्किल और डिजिटल पहल के अंतर्गत मृदा परिक्षण, जल शोधन (परिक्षण) कम्प्यूटर में प्रोग्रामिंग एंड कोडिंग, पी.पी.टी. के माध्यम से बच्चों को रोमांचकारी अनुभव कराए गए। इको क्लब के अंतर्गत ;च्सदंज वित उवजीमतद्ध 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम का अनुसरण करते हुए प्रत्येक कक्षा से एक-एक विद्यार्थी ने अपनी माँ के नाम पर एक पौधे का रोपण करते हुए उसके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिए। और स्कूल न्यूट्रीशन डे (तिथि भोजन) के अंतर्गत स्थानीय स्वाद एवं पसंद का ध्यान रखते हुए बच्चों को तिथि भोजन कराया गया।

# दूसरे सावन सोमवार मंदिरों में भक्तों की लगी कतार



**भिलाई, 29 जुलाई**। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को आज भक्तों में अपूर्व उल्लास और उत्साह देखने को मिल रहा है। आज भोर सुबह से ही मदिरों एवं शिवालयों में घंटे-घड़ियाल एवं शंखध्वनि के बीच भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। महिलाएं पूजा की थाल एवं लोटे में दुग्ध-जल लेकर अभिषेक के लिए पहुँची थीं। पंडितों एवं ज्योतिषियों के अनुसार सावन का यह दूसरा सोमवार कुंवारी लड़कियों के लिए सुयोग्य वर प्राप्त करने के लिए विशेष है तो सुहागिनों के लिए भी बेहद शुभकारी है। भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती इस दिन पूजन करने वाली सुहागिनों को अखंड सौभाग्यवती होने का वर देकर उन्हें कृतार्थ करते हैं। साथ ही वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहती हैं। बताया जा रहा है कि सावन का दूसरा सोमवार भी सभी के लिए शुभ होने वाला है, क्योंकि इस दिन कई योग बन रहे हैं। दूसरे सावन सोमवार को लेकर घरों एवं मंदिरों में शिव चर्चा के आयोजन के साथ ही शिव स्त्रोत का पाठ एवं अभिषेक का कार्यक्रम पंडितों की देखरेख में चल रहा है। इस दौरान अनेक स्थलों से कांवड़ यात्रा भी निकाली जा रही है, जिसका समापन सावन शिवरात्रि पर किया जायेगा।

## श्रीशिव महापुराण कथा सुनने माता के साथ पहुंचे विधायक देवेंद्र यादव



**भिलाई, 29 जुलाई**। जयंती स्टेडियम मैदान में चल रहे शिव महापुराण कथा श्रवण का भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने लाभ उठाया। विधायक यादव अपनी मां के साथ कथा श्रवण के लिए पहुंचे थे। जहां व्यास पीठ पर विराजमान पंडित प्रदीप मिश्रा से उन्होंने आशीर्वाद लिया और भगवान भोलेनाथ की कथा श्रवण का लाभ भी उठाया। विधायक यादव ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में शिव महापुराण कथा होना, भिलाई-दुर्ग और प्रदेशवासियों के लिए परम सौभाग्य की बात है।ऐसा अवसर बहुत ही कम मिलता है। विधायक ने कहा कि जब भी कथावाचक पंडित मिश्रा जी शिव महापुराण कथा के लिए भिलाई आए हैं। भगवान भोलेनाथ की कथा श्रवण का सु-अवसर और पंडित मिश्रा जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है।

# डीएवी स्कूल में कारगिल दिवस पर शहीदों को किया याद



**भिलाई, 29 जुलाई**। डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में कारगिल दिवस मनाया गया। विजय दिवस के अवसर पर शहीद भारतीय वीर जवानों की याद में बच्चों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही अनेक देशभक्ति कविताएं, भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्राचार्या प्रियंका शुक्ला ने बताया कि 26 जुलाई 1999 में करगिल जैसे दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में भारत की सेना ने अपनी शौर्य वीरता एवं शहादत देते हुए नापाक पाकिस्तान के इरादे को चकनाचूर किया था। विद्यालय परिवार ने सभी शहीद वीर जवानों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सेक्टर मुख्यालय स्पेशल ऑपरेशन एसएसबी भिलाई के डीआईजी थॉमस चाको, सेकंड इन कमांड शंकर प्रसाद बरनवाल, डिप्टी कमांडेंट मृदुल हाउलडर, डिप्टी कमांडेंट श्रीमती प्रियदर्शिनी निहारिका राय, सहायक कमांडेंट जय राज सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर अतिथियों ने हरियाली महोत्सव तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूल में पौधारोपण भी किया। अपने उद्बोधन में डीआईजी थॉमस चाको ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। 26 जुलाई, 1999 के दिन ही भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में विजय हासिल की थी। कारगिल विजय दिवस कारगिल युद्ध में शहीद हुए नायकों के सम्मान में मनाया जाता है, जो मातृभूमि की सेवा करते हुए शहीद हो गए।

## वैशाली नगर कॉलेज में किया गया कारगिल विजय दिवस का आयोजन

**भिलाई, 29 जुलाई**। इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में करगिल विजय दिवस का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ नीता डेनियल के मार्गदर्शन में किया गया। संचालन एनसीसी प्रभारी सब लेफ्टिनेंट महेश कुमार अलेंद्र ने किया । कार्यक्रम में हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कैलाश शर्मा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी भारतीय जवानों ने अपने साहस और बहादुरी से विजय दिलाया। साथ ही तीनों सेनाओं ने अपने- अपने स्तर पर ऑपरेशन चलाया जिससे घुसपैठियों को भागने पर मजबूर कर दिया इत्यादि जानकारी विस्तार से दी।

# कर्बला मैदान में मोहर्रम अखाड़ा कमेटी का हुआ इस्तकबालिया प्रोग्राम



**भिलाई**। यूपी बिहार मोहर्रम अखाड़ा कमेटी कैम्प-2 की ओर से मोहर्रम के जुलूस से जुड़े शहर के तमाम ताजियादार, अखाड़ा , सवारी, अलाव और लंगर कमेटियों का इस्तकबाल किया गया। शुक्रवार की रात कर्बला मैदान सैलानी बाबा की दरगाह के पास हुए इस आयोजन में शहर की तमाम मस्जिद-मदरसा कमेटी और तमाम अंजुमन-तंजीमों के ओहदेदार, समाज के प्रबुद्ध नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। इस मौके पर भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट सेक्टर-6 के सदर जमील अहमद, गौसिया मस्जिद कैम्प-1 कमेटी के सदर मिर्जा मुकीम बेग, रजा जामा मस्जिद के सदर हलाल राईन, अशरफी मस्जिद के सदर हाजी मुमताज, मदनी मस्जिद सदर बरकत अली, अक्सा मस्जिद छावनी के सदर अब्दुल कलाम, शेरे खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड के सदर हाजी ताहिर सिद्दीकी, रजा जामा मस्जिद के सेक्रेटरी सुबहान, गरीब नवाज मस्जिद के सेक्रेटरी अफजल, संतोषी पारा, दारूल उलूम इस्लामिया यतीमखाना सदर, भिलाई-तीन सैय्यदी मस्जिद, हनफी मस्जिद कोहका सदर इमरान, मदरसा बोर्ड सदस्य तौहीद, मोहम्मद हसरत, निजामुद्दीन खान, अकबर, फारुख कुरैशी, तमजीद, मेराज सिद्दीकी, इरफान खान, वकील, अलाउद्दीन, करार खान, नियाज अहमद, आजाद खान, रजा सिद्दीकी, जुल्फिकार अली, यासीन खान, एडवोकेट अजहर अली, असलम, आसिम बेग, तहूर पवार और कलीम सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**निधन**

## केए हरिरामानी



**भिलाई, 29 जुलाई**। सिंधी ब्रादर मण्डल भिलाई के संरक्षक भिलाई निवासी के. ए. हरिरामानी (85 वर्ष) का निधन हो गया। दिवंगत के. ए. हरिरामानी इंदर एवं सुशील हरिरामानी के पिता थे।

अन्त्येष्टि आज सोमवार 29 जुलाई को सुबह 11-30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में की गयी। सिंधी ब्रादर मण्डल के अध्यक्ष जय कुमार अम्बवानी एवं अन्य पदाधिकारियों सहित सिंधी समाज ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## एक नजर

### दो साल पूर्व देवकट्टा के खेत में मिली अज्ञात लाश की अब तक नही हुई शिनाख्त

**डोंगरगढ़ 28 जुलाई।** 3 सितंबर 2022 को डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देवकट्टा निवासी ताराचंद चतुर्वेदी के भर्री खेत में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश की शिनाख्त दो साल बाद भी नहीं हो पाई है और ना ही इनके किसी परिजन ने अब तक थाना डोंगरगढ़ में संपर्क किया है। मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष है, चेहरा लंबा, दाढ़ी व मूंछ काला क्रीम मटमैला कलर का शर्ट पहना हुआ है। भिखारी जैसा हुलिया है। जिस किसी को भी इनके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो वो थाना डोंगरगढ़ 9479192111, पुलिस कंट्रोल रूम 07744286622 या फिर पुलिस कार्यालय राजनांदगांव के 07744226399 में सूचना दे सकते है।

### खाद्य मंत्री ने कुएं में जहरीली गैस से मृत लोगों के परिजनों से मुलाकात की

**रायपुर, 29 जुलाई।** खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल आज बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुंआ पहुंचकर जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मृत तीन ग्रामीणों श्री आत्माराम साहू, श्री रामकुमार ध्रुव एवं श्री राकेश साहू के अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर तीनों मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रूपए अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद प्रदान की। मंत्री श्री दयालदास बघेल ने शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिवारजनों से कहा कि राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत तीनों परिवारों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। विदित हो कि बीते शनिवार को बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुंआ में केसिंग पाईप की मरम्मत करने के लिए कुएं में उतरे 55 वर्षीय श्री आत्माराम साहू, 45 वर्षीय श्री राम कुमार ध्रुव एवं 25 वर्षीय श्री राकेश साहू की जहरीली गैस के रिसाव से मृत्यु हो गई थी।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 541.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 29 जुलाई।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 541.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 28 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1304.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 201.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 324.2 मिमी, बलरामपुर में 460.7 मिमी, जशपुर में 347.9 मिमी, कोरिया में 343.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 370.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 468.1 मिमी, बलौदाबाजार में 622.9 मिमी, गरियाबंद में 596.1 मिमी, महासमुंद में 429.5 मिमी, धमतरी में 620.3 मिमी, बिलासपुर में 532.2 मिमी, मुंगेली में 557.0 मिमी, रायगढ़ में 413.9 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 252.2 मिमी, जांजगीर-चांपा में 494.9 मिमी, सक्ती में 377.4 कोरबा में 614.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 488.7 मिमी, दुर्ग में 339.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 441.9 मिमी, राजनांदगांव में 601.4 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 717.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 412.8 मिमी, बालोद में 709.4 मिमी, बेमेतरा में 341.7 मिमी, बस्तर में 671.5 मिमी, कोण्डागांव में 640.9 मिमी, कांकेर में 809.5 मिमी, नारायणपुर में 717.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 763.5 मिमी और सुकमा जिले में 877.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### अधिशासी समिति की बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 24.14 करोड़ की स्वीकृति दी गई

**रायपुर, 28 जुलाई।** मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष की अधिशासी समिति की बैठक में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न निर्माण और उन्नयन कार्यों के लिए कुल 24 करोड़ 14 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों में 1 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य, 84 लाख रुपये की लागत से खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतनपुर में 2 एफ टाइप स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य , खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 62 लाख रूपए की लागत से 2 जी टाइप स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य, खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिरमिरी में 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य, भरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनकपुर में 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, केल्हारी में 24 लाख 54 हजार रूपए की लागत से बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतनपुर में 41 लाख 34 हजार रुपये की लागत से बाउंड्रीवाल, रोड पेवर ब्लॉक और ए.सी.पी. का कार्य, जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 8 लाख 93 हजार रूपए की लागत से रोड पेवर ब्लॉक का कार्य, मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 40 लाख रूपए की लागत से अतिरिक्त 30 बिस्तरों का महिला और पुरुष वार्ड का निर्माण कार्य, जिला अस्पताल चिरमिरी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरमिरी) में 50 लाख रुपये की लागत से फिजियोथेरपी यूनिट की स्थापना (निर्माण और उपकरण) (चिरमिरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) में 8 करोड़ रूपए की लागत से 64 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन की खरीदी, मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र / प्रस्तावित 220 बिस्तरीय अस्पताल में 8 करोड़ रूपए की लागत से 64 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन की खरीदी, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर और खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक केन्द्र के लिए कुल लागत 24 लाख रूपए से 2 डेड बॉडी फ्रीजर (कुल 8) का खरीदी कार्य शामिल है।

## शिक्षा से दूर होता है जीवन का अंधकार:तोखन साहू



**रायपुर, 29 जुलाई।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने शहीद विनोद सिंह कौशिक की स्मृति में बहतराई मेंआयोजित एक समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन शहीद विनोद सिंह कौशिक सेवा ट्रस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक पाने वाले लगभग 7 हजार छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भारत माता, स्वामी विवेकानंद और शहीद विनोद सिंह कौशिक की छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस मौके पर विधायक श्री अमर अग्रवाल, श्री सुशांत शुक्ला और जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सिंह चौहान उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि युवा हमारे देश के भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा दिलाना हमारा दायित्व है। शिक्षा से ही जीवन में अज्ञान रूपी अंधकार दूर होगा और ज्ञान रूपी प्रकाश फैलेगा। इसलिए कठिनाइयां उठाकर भी हमें अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। पढ़ाई को हमें खेल भावना से लेना चाहिए। ज्यादा तनाव न लें। जहां भी शंका हो, गुरुजनों का मार्गदर्शन लेना चाहिए।

विधायक श्री अमर अग्रवाल ने मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भी लगभग 50 प्रतिशत बच्चे 12वीं के बाद विभिन्न कारणों से कॉलेज नहीं जा पाते । इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने शिक्षा ऋण में ब्याज की रियायत की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि युवजन ही देश को नेतृत्व देते हैं। जब वह शिक्षित होंगे तो आगे चलकर देश भी विकसित होगा। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को सम्मानित कर शहीद शहीद विनोद सिंह को याद करना ट्रस्ट की अच्छी पहल है।

शहीद श्री विनोद सिंह स्मृति ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री दिलेंद्र कौशिल ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने शहीद विनोद कौशिक का जीवन परिचय भी दिया। सीजी पुलिस में वे उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे।वर्ष 2018 में नारायणपुर जिले में नक्सलियों से लोहा लेते हुए वीर गति को प्राप्त किए। शहर के चिंगराज पारा निवासी नेत्र से दिव्यांग कलाकार भाई बहन श्री पृथ्वीराज व पूजा ने भजनों और देशभक्ति पूर्ण गानों की शानदार प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। शहीद विनोद सिंह के माता पिता और पत्नी का भी मुख्य अतिथि श्री तोखन साहू ने नमन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामदेव कुमावत, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नूरी कौशिल सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मिले विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 जुलाई।** संस्कारधानी राजनांदगांव को खेल नगरी और हॉकी की नर्सरी के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व में राजनांदगांव से हॉकी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना भी बटोरी है और राजनांदगांव लगातार खिलाड़ियों के लिए एक नर्सरी के तौर पर स्थापित रहा है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण किया गया था, जहां पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हॉकी और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होती रही है। समय के साथ इस स्टेडियम में खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखकर कुछ आवश्यकताएं भी महसूस होने लगी है, जिस पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने गत संध्या अपने निवास ÷स्पीकर हाउस÷ में केंद्रीय खेल और युवा मामले के मंत्री श्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की।

राजनांदगाँव में खिलाड़ियों के लिये बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय और श्री मनसुख मांडवीया जी का आभार। वि.स. अध्यक्ष डॉ रमन सिंह

गत संध्या विधानसभा अध्यक्ष निवास में हुई केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया और विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह के बीच चर्चा हुई। जिसमें राजनांदगांव स्थित दिग्विजय स्टेडियम में लगभग 19 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत के मल्टीपरपज हॉल की आवश्यकता और लगभग 6 करोड़ 34 लाख की लागत के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण पर चर्चा हुई।

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट सिविल कार्य और विद्युतीकरण के लिए लगभग 8 करोड़ 79 लाख रुपए के कार्यों का प्राक्कलन रखा है। इन तीनों ही विषयों पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडविया जी से गंभीर चर्चा की और श्री मांडवीया जी ने दिग्विजय स्टेडियम और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के उन्नयन कार्य के तीनों ही विषय पर स्वीकृति प्रदान की है।

## कूटरचित दस्तावेज से प्रशासन को गुमराह कर स्वीकृति प्राप्त करने वाली फरार आरोपिया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** 4 जुलाई को प्रार्थी सुदेश कुमार साहू, वर्तमान सहायक संचालक मछलीपालन राजनांदगांव ने थाना आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि हितग्राही भुवन लाल द्वारा मछलीपालन विभाग राजनांदगांव को तत्कालीन सहायक संचालक मछलीपालन राजनांदगांव श्रीमती गीतांजली गजभिये द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर योजना में प्राप्त राशि का दुरूपयोग करने संबंधी शिकायत दिया गया था। शिकायत आवेदन की मछली पालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच कार्यवाही की गई। जांच में श्रीमती गीतांजली गजभिये तत्कालीन सहायक संचालक मछलीपालन राजनांदगांव द्वारा विभागीय कार्य (केज कल्चर मछलीपालन) हेतु शासन से स्वीकृत राशि रू. 2.16.00.000 रूपये (दो करोड सोलह लाख रूपये) की स्वीकृति में हितग्राहियों के कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्रशासन को गुमराह कर स्वीकृति प्राप्त करते हुये विभाग को प्राप्त अनुदान राशि में अनियमितता एवं राशि का दुरूपयोग करना पाये जाने पर आरोपिया एवं सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों के संचालकों के विरूद्ध अपराध धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से आरोपिया की पतासाजी हेतु टीम गठित कर रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा लगातार भिलाई, धमतरी, रायपुर, एवं बिलासपुर में कैम्प कर आरोपिया की पतासाजी किया जा रहा था। आरोपिया अपने निवास स्थान एवं कर्तव्य स्थल से घटना बाद फरार थी। सायबर तकनिकी की सहायता एवं मुखबीर की सूचना पर बिलासपुर में घेराबंदी कर आरोपिया श्रीमति गीतांजलि गजभिये उम्र 47 वर्ष निवासी बख्तावर चाल तुलसीपुर वार्ड नं0 17 थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव को हिरासत मे लेकर राजनांदगांव लाया गया। प्रकरण के संबंध मे पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार करने पर आज दिनांक 27.07.2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश का पालन करते हुए उसके परिजनों के समक्ष विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ जेल वारन्ट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया । प्रकरण विवेचना पर है, विवेचना के दौरान जो भी तथ्य पाया जायेगा आगे अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी0 एमन साहू, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, संजय बरेठ प्र0आर0 जी0 सिरिल, मिलन साहू आरक्षक प्रदीप जायसवाल, रंजीत चौरसिया, रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल महिला आरक्षक रेणुका राजपूत एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## जुआ एक्ट में अब एसीबी एवं ईओडब्ल्यू को मिला जांच और कार्रवाई का अधिकार

**रायपुर, 29 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार राज्य में जुआ-सट्टा विशेषकर ऑनलाइन गैम्बलिंग पर कड़ाई से रोक और इस मामले में संलिप्त लोगों पर तेजी से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने विधिवत् अधिसूचना का प्रकाशन कर छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की समस्त धाराओं के अंतर्गत अब एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) एवं राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण (ईओडब्ल्यू) को जांच और कार्रवाई का अधिकार दे दिया है।

एसीबी और ईओडब्ल्यू को यह अधिकार मिलने से ऑनलाइन जुआ के मामलों में भी तेजी से जांच एवं प्रभावी कार्रवाई हो सकेगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि एसीबी और ईओडब्ल्यू अब तक केवल भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितता से जुड़े मामलों में जांच करती रही है। इस अधिसूचना के प्रकाशन से एसीबी और ईओडब्ल्यू की जांच और कार्रवाई का दायरा और बढ़ गया है। गौरतलब है कि एसीबी और ईओडब्ल्यू को जुआ एक्ट के तहत जांच और कार्रवाई का अधिकार मिलने से इन मामलों की जांच एक ही विंग में होगी। जिससे जांच में आसानी और कार्रवाई में तेजी आएगी। राज्य में जुआ-सट्टा पर प्रभावी तरीके से शिकंजा कसा जा सकेगा। छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम में ऑनलाइन जुए को शामिल किया गया है और इस मामले में दोषी पाए जाने पर 7 साल की सजा का प्रावधान तथा गैर जमानती धाराओं को शामिल किया गया था। अधिनियम में कार्रवाई के लिए कड़े प्रावधान करते हुए जुआ घर का स्वामी होना, जुआ खिलाना, ऑनलाइन जुआ खिलाना, विज्ञापन प्रतिषेध का उल्लंघन और कंपनी द्वारा अपराध को संज्ञेय तथा गैरजमानती अपराध बनाया गया है। छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 में जुआ घर की परिभाषा में ऑनलाइन जुआ प्लेटफार्म शब्द जोड़ा गया है। उपकरण की परिभाषा में इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख, डिवाइस, मोबाइल एप, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर ऑफ फंड्स शब्द जोड़े गये हैं। पुराने अधिनियम में ऑनलाइन जुआ के लिए दण्ड का कोई प्रावधान नहीं था। अब पृथक से दण्ड का प्रावधान किया गया है। जिसमें अधिकतम 3 वर्ष की जेल एवं 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। बार-बार अपराध के लिए अधिकतम 7 वर्ष तक जेल और 10 लाख तक का जुर्माने हो सकता है।

## जुर्म रोकने के लिए जिले के समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों में की गई गश्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 जुलाई।** 28 जुलाई को पुलिस अधीक्षक राजनांदगाँव श्री मोहित गर्ग के निर्देशानुसार ए.एस.पी. मुकेश ठाकुर (ऑप्स) एवं ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश किया गया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर शहर के गली मोहल्लों, चौक चौराहों व कालोनियों में पेट्रोलिंग करने हेतु दिया गया था निर्देश। चोरी की घटना बढ़ने के संभावनओं को देखते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पेट्रोलिंग करने कहा गया। शहर भ्रमण के दौरान संदिग्धों से पूछताछ करना, गुंडा बदमाश निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वो पर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। सुनसान एरिया व अड्डेबाजी एरिया पर पुलिस गस्त के दौरान चार पहिया वाहन एवं मोटर सायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। अनावश्यक घुमने वाले मंचलों को रात्रि में घर पर रहने की समझाईश दी गई। इसी प्रकार जिले के सभी अनुविभाग/थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ वाहनों के साथ सुनसान एरिया व अड्डेबाजी एरिया पर पुलिस द्वारा गस्त की गई ।



## समाचार संक्षेप

### वृद्धजन स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया



**छुरिया 29 जुलाई।** संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं ज़िला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगाँव के कुशल मार्गदर्शन में एकदिवसीय निश्शुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर शासकीय आयुर्वेद औषधालय बेलरगोंदी में दिनांक 26/07/2024 को आयोजन किया गया । शिविर का शुभारंभ ग्राम के जनपद सदस्य श्रीमती प्रतिमा सोनबोईर , सरपंच श्रीमती रमशिला सोनबोईर ,श्री अमरसिंग, श्री शिव माली, श्री मोती राम साहू, श्री विष्णु दास साहू,श्री घुरारु राम वर्मा, श्री मोती साहू, ,श्रीमती पुनिया बाई, एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर किया गया। इस शिविर में 258 मरीज का परीक्षण कर निश्शुल्क औषधि प्रदान किया गया। 106 वृद्धजन लाभान्वित हुए । एवं आयुष काढ़ा प्रदान किया गया साथ ही शिविर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण,बी पी, शुगर जाँच किया गया । एवं प्रतिदिन योग अभ्यास करने के महत्व को बताते हुए योग के लिए वृद्धजनों को प्रोत्साहित किया गया। इस शिविर में शिविर प्रभारी डॉ अनिरुद्ध पटेल, डॉ हेमलता वर्मा,श्री देवदास साहू , श्री धीरजीराम सिन्हा , श्री सोमकांत चंद्राकर, श्रीमती सुशीला मांडवी,श्री शंकर लाल कंवर, योग प्रशिक्षक श्री छगन राम वर्मा, श्री मुकेश साहू(ओ.ए.ओ.) श्री खिलेश नेताम (लेब टेक्नीशियन),श्री महेंद्र पाल(आर.एच.ओ.),इत्यादि ने अपने इत्यादि ने अपनी सेवाए दी ।

### केसर गोदाराकांड आधी रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे सांसद संतोष पांडे



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** गुरुवार तड़के अपनी सहेली को फोन पर रिप्लाई देने के बाद बीकानेर राजस्थान की एमबीबीएस अंतिम वर्ष की छात्रा केसर गोदारा ने अपने कक्ष में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अब इस मामले में नए-नए तथ्य सामने आ रहे हैं। खबर के मुताबिक 24 वर्षीया छात्रा ने डिप्रेशन और गोली दवा के चलते आत्महत्या की है। अब इस मामले में जांच के घेरे में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन भी आ गया है। इस मामले में नया मोड़ तब आ गया है। जब क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडे (भाजपा) शनिवार और रविवार की दरमियानी देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे वहां उनके अचानक पहुंचने से छात्र-छात्रागण एकत्रित हो गए। उनके स्वागत की तैयारी की जाने लगी लेकिन इसी बीच सांसद श्री पांडे ने उनसे कहा कि वे इस मामले को लेकर खुलकर चर्चा करने आए हैं। अभी उनके परिजन अंतिम संस्कार और उनके बाद की रसमो को निभाना में लगे हैं। उन्हें पता चला है कि मृतका पढ़ाई में टॉपर थी। सांसद श्री पांडे ने कहा कि जांच में जो भी बन पड़ेगा वे करेंगे। आकस्मिक रूप से मेडिकल कॉलेज पहुंचने के दौरान लोकसभा सदस्य संतोष पांडे मृतिका केसर गोदारा के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दूसरे दिन मिले 638 आवेदन, 194 का मौके पर ही निराकरण

**रायपुर, 29 जुलाई।** प्रदेश के नगरीय निकायों में शनिवार से प्रारंभ हुए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दूसरे दिन आज लोगों के 638 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 194 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों और संभागीय क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालकों को जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ शहरवासियों के आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा है। प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में 27 जुलाई से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों में स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान किया जाएगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में टाउन हॉल में आयोजित शिविर में 92 आवेदन प्राप्त 6 का हुआ निराकरण

## प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने लोगों में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 28 जुलाई।** नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त 2024 के मध्य जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन करने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा आज टाउन हॉल सभागृह में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक वार्ड नं. 14, 15 व 26 के लिये शिविर आयोजित किया गया। शिविर के लिये वार्डवासियों में उत्साह रहा और उन्होंने अपनी समस्याओं के समाधान के लिये 92 आवेदन लगाये, जिसमें से 45 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने लगाया गया। 92 आवेदन में जन्म-मृत्यु, आधार कार्ड व पानी निकासी संबंधी 6 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। आज के शिविर में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नेंता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, संबंधित वार्ड के पार्षदों में जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह व राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री विनय झा,पार्षद श्री अजय छेदैया व श्री राजेश जैन रानू उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। शिविर में मोबाईल मेडिकल युनिट के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टाउन हॉल में वार्ड नं. 14,15 व 26 के लिये आयोजित शिविर में 92 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 3 आवेदन जल विभाग के ,राशिन कार्ड के 1, जन्म-मृत्यु के 2, प्रधानमंत्री आवास योजना के 45, स्वास्थ्य विभाग के 3, लोककर्म के 24, विद्युत विभाग के 12, आधार पंजीयन के 2 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों में 6 आवेदन का निराकरण किया गया, जिसमें जन्म-मृत्यु के 2 आवेदन में सें 1 जन्म प्रमाण पत्र, 1 मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। इसी प्रकार आधार कार्ड के 2 प्रकरण में आधार अपडेट किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग के 3 आवेदन में 2 आवेदन गोल बाजार में पानी निकासी व नाली सफाई का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर अतिशीघ्र निराकरण किया जायेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने शिविर में कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण के लिये नगरीय निकायों में जन समस्या निवारण पखवाड़ा चला रही है, जिसका उद्देश मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा विभिन्न हितग्राही मूलक योजना राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु,विवाह प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, श्रम पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास, स्व रोजगार का भी लाभ देना है। उन्होंने कहा कि आज के शिविर में वार्डवासियों ने उत्साह दिखाया, शेष वार्डो में आयोजित शिविर में भी पहुँचकर शासन की योजना का लाभ ले एवं अपनी समस्या का निराकरण कराये। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को देवांगन समाज भवन चिखली में वार्ड नं. 5 व 6 के लिये तथा 30 जुलाई को शंकरपुर स्कूल में वार्ड नं. 7,8,9 व 10 के लिये प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## संपादकीय

# एक-एक कर सारे मुद्दों की हवा निकाल दी

राजनीति में विपक्ष का काम होता है कि मुद्दों को उठाकर सरकार को सवालों के कठघरे में खड़ा करना। सरकार का काम होता है कि विपक्ष के मुद्दों की हवा निकालना और बताना कि विपक्ष तो झूठ की राजनीति कर रहा है। देश में भ्रम फैला रहा है। देश के लोगों को गुमराह कर रहा है। चुनाव के बाद लग रहा था कि विपक्ष के पास सरकार को घेरने के लिए कई मुद्दे हैं, विपक्ष इस बार संख्या में कुछ ज्यादा होने के कारण सरकार की नाक में दम कर देगा। संसद के बाहर व संसद के भीतर हर मुद्दे को इतने आक्रामक ढंग से उठाएगा कि सरकार ठीक से जवाब तक नहीं दे पाएगी। चुनाव के बाद ही विपक्ष ने सबसे पहले कमजोर सरकार,कभी भी गिरने वाली सरकार का मुद्दा उठाया। उसने लोकसभा अध्यक्ष का मुद्दा उठाया और कोशिश की सरकार जिसे अध्यक्ष बनाना चाहती है, उसे न बना सके। वह ऐसा कर पाती तो साबित होता कि देखों सरकार कमजोर है,इसलिए अपना लोकसभा स्पीकर नही बना सकी। सरकार बिना किसी बाधा के लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बनवाकर साबित कर दिया कि मोदी सरकार पहले की तरह मजबूत सरकार है, वह जिसे चाहती उसे अध्यक्ष बना सकती है. इसके साथ ही विपक्ष ने कोशिश की कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद उसे मिलना चाहिए। मोदी सरकार ने विपक्ष की बात न मानकर फिर साबित किया कि उसे कोई दवाब डालकर अपनी बात नही मनवा सकता। स्पीकर, डिप्टी स्पीकर के मुद्दे पर मात खाने के बाद कांग्रेस सहित विपक्ष ने कोशिश की मोदी मंत्रिमंडल को लेकर सरकार को कमजोर साबित किया जाए, उसने खूब प्रचार किया कि इस बार तो गठबंधन सरकार है, मोदी मंत्रिमंडल अपनी पसंद का नहीं बना सकेंगे। मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में तमाम पुराने लोगों को ही मंत्री बताकर फिर विपक्ष को मात दे दी। इसके बाद बजट सत्र शुरू हुआ तो विपक्ष ने आंध्र व बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग कर सरकार को मुश्किल में डालने की कोशिश की। चंद्र बाबू व नीतीश कुमार को भड़दाने की कोशिश की। सरकार ने बजट मेंआंध्र व बिहार को विशेष पैकेज देकर विपक्ष को करारा जवाब दिया। इस पर विपक्ष ने पैंतरा बदल कर आंध्र व बिहार को बजट में ज्यादा देने का मुद्दा उटाकर यह साबित करने की कोशिश की दूसरे राज्यों की बजट में उपेक्षा की गई है लेकिन ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकार होने व राज्यों को कितना दिया गया है, इसके आंकड़े जारी सरकार ने देश को बता दिया कि विपक्ष निरंतर झूठ की राजनीति कर रहा है। विपक्ष ने खुद को संविधान के रक्षक के रूप में पेश कर मोदी सरकार को संविधान के लिए खतरा बताने की कोशिश चुनाव में तथा चुनाव के बाद भी की तो मोदी सरकार ने देश में कांग्रेस के लगाए गए आपातकाल का मुद्दा उठाकर नहले पर दहला चल दिया। और देश को बताया कि कांग्रेस खुद को संविधान का रक्षक कह रही है लेकिन देश में संविधान को इसने कुचला है, इसने संविधान का सबसे ज्यादा अपमान किया है। भाजपा नहीं कांग्रेस हमेशा से संविधान के लिए खतरा रही है और हमेशा रहेगी। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर संविधान का मुद्दा उठाने पर दूसरा प्रहार 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने की घोषणा कर किया। यानी अब जब तक कांग्रेस केंद्र की सत्ता में नहीं आती हर साल देश में लोगों को 25 जून को याद दिलाया जाएगा कि इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। इसके बाद कांग्रेस पर संविधान के नाम पर भाजपा एक प्रहार कर सकती है। संसद में भाजपा नेता ने मांग की है कि आपातकाल पर शाह आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनकि किया जाए. अगर सरकार ऐसा करती है तो देश के लोगों को पता चल जाएगा कि आपातकाल में कांग्रेस सरकार ने देश के लाखों लोगों पर कैसे कैसे अत्याचार किए थे। कांग्रेस सोच रही थी कि वह संविधान का मुद्दा उठाकर भाजपा को बैकफुट पर ला देगी लेकिन भाजपा ने ऐसी तैयारी कर रखी है कि कांग्रेस संविधान का नाम लेना भूल जाएगी। कांग्रेस सोच रही थी नीट पेपर लीक का मुद्दा बड़ा मुद्दा है, वह भाजपा को घेर सकती है लेकिन इसकी हवा को सुप्रीम कोर्ट ने निकाल दी है। कांग्रेस अग्निवीर के मुद्दे को जब भी उठाती है, सरकार उसे झूठा साबित कर देती है। राहुल गांधी ने अग्निवीर के बारें कहा था वे भाजपा के लिए यूज एंड थ्रो है, लेकिन कई राज्यो ने अग्निवीरों के लिए भाजपा सरकारों ने आरक्षण की घोषणा कर फिर देश को बता दिया है कि राहुल गांधी अग्निवीर के मामले मे निरंतर झूठ बोल रहे हैं।

गंभीर मुद्दा

ललित गर्ग

# मौत बांटते असुरक्षित कोचिंग सेंटर, पीजी और हॉस्टल



दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कराने वाले एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत-हादसे ने समूचे राष्ट्र को दुःखी एवं आहत किया है, यह हादसा नहीं, बल्कि मानव जनित त्रासदी है, लापरवाही एवं लोभ की पराकाष्ठा है। इस त्रासदी की जड़ में है घोर दोषग्रस्त कोचिंग प्रणाली और व्यवस्था की जड़ों में समा गया बेलगाम भ्रष्टाचार। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि कोचिंग संस्थान के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, क्योंकि दिल्ली नगर निगम के उन कमर्चारियों और अधिकारियों को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया जो सब कुछ जानते-बूझते हुए इस संस्थान को बेसमेंट में लाइब्रेरी चलाने की सुविधा प्रदान किए हुए थे। इस दुःखद एवं पीड़ादायक घटना ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। जिसकी कीमत निर्दोषों को अपनी जान गंवा का चुकानी पड़ रही है। निश्चित ही देशभर में कुकुरमुत्तों की तरह उग आए कोचिंग सैंटर डैथ सैंटर बन चुके हैं। कोचिंग सैंटरों का कारोबार शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाकर चल रहे हैं। छात्रों को सुनहरी भविष्य का सपना दिखा कर मौत बांटी जा रही है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। प्रश्न है कि सैंटर के मालिक को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन ऐसी घटनाओं के दोषी अधिकारी क्यों नहीं गिरफ्तार होते? शनिवार की शाम राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के कोचिंग सैंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों नेविन डोल्विन, तान्य सोनी और श्रेया यादव की दुखद मौत ने अनेक सवालों को खड़ा किया है। केरल का रहने वाला नेविन आईएएस की तैयारी कर रहा था और वह जेएनयू से पीएचडी भी कर रहा था। उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव ने अभी एक महीना पहले ही इस कोचिंग सैंटर में दाखिला लिया था। कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी चल रही थी जहां 150 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी। हादसे के वक्त 35 छात्र मौजूद थे। चंद मिनटों में ही बेसमेंट में पानी भर गया। सिर्फ इसी सैंटर में नहीं, बल्कि लगभग सभी शैक्षणिक कोचिंग सैंटर के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है। जिसके गेट बायोमेट्रिक आईडी से खुलते हैं, जैसे ही बारिश होती है, बिजली चली जाती है, उसके बाद बेसमेंट से निकलना बिना बायोमैट्रिक आईडेंटिफिकेशन के मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में हादसे और मौत की संभावना बढ़ जाती है। ओल्ड राजेंद्र नगर के न सिर्फ कोचिंग सैंटर बल्कि पीजी और हॉस्टल की असुरक्षित हालत भी मौत लिये किसी भी क्षण बड़े हादसे की संभावना के साथ खड़ी है। जहां इस कदर अवैध निर्माण है कि कभी भी दूसरा या दोबारा हादसा हो सकता है। इसलिये ऐसे हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला। विडम्बनापूर्ण है ऐसे जलभराव एवं आगजनी के हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है। राजधानी में रह-रह कर एक के बाद एक हो रहे हादसों के बावजूद दिल्ली-सरकार की नींद नहीं खुल रही है। हाल ही में गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें हो या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगना और अब कोचिंग सैंटर में तीन होनहार एवं देश के भविष्य बच्चों का दर्दनाक तरीके से डूबकर मर जाना-निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा भी व्यापक स्तर की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन त्रासद हादसों ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए।परिवार वालों ने और छात्रों ने स्वर्णिम भविष्य के सपने संजो कर और लाखों की फीस देकर कोचिंग शुरू की होगी लेकिन उन्हें नहीं पता था कि उन्हें इस तरह मौत मिलेगी। छात्रों की मौत को महज हादसा नहीं माना जा सकता, यह एक तरह से निर्मम हत्या है और हत्यारा है हमारा सिस्टम। हादसे से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि वे 10-12 दिन से दिल्ली नगर निगम से कह रहे हैं कि ड्रेनेज सिस्टम की सफाई कारवाई जाए लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे तभी होते हैं जब नियमों और कानूनों को ताक पर रखा जाता है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलते ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। जलभराव क्यों और कैसे हुआ, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन शैक्षणिक एवं व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है, लेकिन दुर्घटना होने के बाद ही उन पर कारर्वाई क्यों होती है? सरकार पहले क्यों नहीं जागती?





वैसे तो बेसमेंट में कोचिंग सैन्टर या लाइब्रेरी चलाना गैर-कानूनी है, इस घटना के सन्दर्भ जब बेसमेंट में स्टोर या पार्किंग की अनुमति दी गई थी तो वहां लाइब्रेरी कैसे चलने लगी? स्पष्ट है कि कोचिंग संचालकों और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा हो रहा होगा। जलभराव के कारण पानी जब बेसमेंट में घुसा तब लाइब्रेरी में 30-35 छात्र थे। यह तो गनीमत रही कि तीन अभागे छात्रों को छोड़कर बाकी सब जैसे-तैसे निकल आए। इस इलाके में बरसात में हर समय जलभराव होता है, लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। इसका कोई विशेष औचित्य नहीं कि एमसीडी ने एक जांच समिति गठित करने की बात कही है। जांच के नाम पर लीपापोती होने की ही आशंका अधिक है। दिल्ली की घटना इसकी परिचायक है कि जिन पर भी शहरी ढांचे की देखरेख करने और उसे संवारने की जिम्मेदारी है, वे अपना काम सही से करने के लिए तैयार नहीं। यही कारण है कि देश की राजधानी के साथ-साथ अन्य महानगरों का भी शहरी ढांचा बुरी तरह चरमरा गया है।बात हम नया भारत एवं विकसित भारत की करते हैं, लेकिन हमारी व्यवस्थाएं अभी वैसी नहीं बनी है और हम अनियंत्रित एवं असुरक्षित विकास करते जा रहे हैं। मुंबई हो, दिल्ली हो, चैन्नई या बेंगलुरु या ऐसे ही अन्य बड़े शहर -हर कहीं अनियोजित विकास और शहरी निर्माण संबंधी नियम-कानूनों के खुले उल्लंघन के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थिति यह है कि सरकारी भवनों तक में सुरक्षा के उपायों की अनदेखी होती है। दिल्ली के इनकम टैक्स भवन में आग से एक अधिकारी की जान हाल में गयी। कहने को तो अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, लेकिन वे कागजों पर ही अधिक हैं या निर्दोषों को परेशानी करने के लिये है। औसत जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कमर्चारी पैसे बनाने के फेर में रहते हैं और अनियोजित विकास को रोकने के बजाय उसे बढ़ावा देने का काम करते हैं। सब चलता है वाली प्रवृत्ति इस तरह अपनी जड़ें जमा चुकी है कि व्यवस्था की परवाह करना ही छोड़ दिया गया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि शहरी विकास के बड़े-बड़े दावे करने और उन्हें संवारने की तमाम योजनाएं बनाने के बावजूद देश के शहर दुदर्शाग्रस्त एवं असुरक्षित हैं। हर हादसे पर सियासत होती है लेकिन कोचिंग सैंटर माफिया इतना ताकवर है कि उसके आगे कोई कुछ नहीं बोलता। ऐसा क्यों है यह सब जानते हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि : आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। बिजनेस पार्टनर के साथ किसी विदेश की यात्रा का योग बन रहा है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस मे तरक्की होगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जाएंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। मेडिकल की शिक्षा प्राप्त कर रहे लोंगो को नये अवसर मिलेंगे।

कर्क राशिः आज आपका दिन लकी रहेगा। कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट और इंजीनियरिंग वालों के लिए आज सफलता भरा दिन है। नई चीजें सीखेंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों का आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा। स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। नवविवाहित जीवनसाथी आज धार्मिक स्थल पर जाने का विचार करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बना रहेगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कार्यों में आपको सफलता मिलेगी परिवार को जोड़कर चलने से आपकी भूमिका बड़ी हो जाएगी, परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा आपको गर्व होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी।

तुला राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है। आज आपको जीवन और कार्यक्षेत्र दोनों जगहों पर पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आपके जीवनसाथी कोई जरूरत का सामान आपको गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज किसी सभा को आयोजित कर सकते हैं।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए समान्य रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी। आज ऑफिस में काम की अधिकता थोड़ी ज्यादा रहेगी, लेकिन शाम तक सारा काम अच्छे से निपट जायेगा।

धनु राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं। आज आपको शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नये अवसर मिल सकते हैं।

मकर राशिः आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियाँ लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी। आप अपने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने के बारे में विचार करेंगे। ऑफिस में आपके अच्छे काम को देखकर जूनियर आपकी ज्यादा रेस्पेक्ट करेंगे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। क्राकरी का बिजनेस कर रहे लोगों की बिक्री आज बढ़ेगी, अधिक आमदनी मिलेगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बेहद अच्छा रहेगा, प्रमोशन होने के चांस है। बिजनेस के सारे रुके हुए कामों को आज आप पूरा कर लेंगे, आपकी टेंशन कम होगी। घर खरीदने का प्लान बना रहे लोगों का प्लान आज कामयाब होने का योग बन रहा है।

मीन राशिः आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेसमैन आज अपने बिजनेस को और आगे बढ़ाने के लिए किसी दूसरे बड़े व्यापारी से डील फाइनल करेंगे। राजनीति के कामों में आज आप ज्यादा रूचि लेंगे, आपके अच्छे कामों की आज तारीफ होगी। सोशल मीडिया से जुड़कर लोग अपनी अलग पहचान बनाएंगे। घर से निकलते समय माता जी से मिलकर ही निकले जिससे आपका दिन अच्छा और खुशहाली भरा रहेगा।

## अब शेर की बारी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



कभी बाजार से हाथी गुजरता था। आजकल शेर गुजर रहा है। हालांकि भौंकने वाले तब भी कुत्ते थे। आज भी कुत्ते हैं और यही हाल रहा तो आगे भी कुत्ते ही रहेंगे। इन कुत्तों में भी कुछ ऐसे हैं जो ऊपर से सुफेदी और भीतर से धूर्तता का चोला ओढ़े आए दिन बाजार से गुजरने वालों पर बेमतलब के भौंकते रहते हैं। हाँ तो इस बार हाथी की जगह शेर गुजर रहा था। कुत्ते अपने सहज स्वभाज के अनुरूप उस पर टिपियाना चाहते थे। शेर तो शेर है, हाथी तो नहीं कि पास में आए कुत्तों के प्रति शाकाहारी बन जाए। स्वभाव और काम में राजा दिखने वाले भौंकने वाले कुत्तों को देखकर दुबकना अपनी प्रतिष्ठा के विरुद्ध समझते हैं। शेर का गुण है दहाड़ना, ललकारना, समय स्फूर्ति दिखाना न कि चुपचाप एक कोने में कुत्तों की तरह दुबक कर बैठ जाना।

कुत्तों को यह साफ पता था कि शेर के रेडियस में घुसेंगे तो वह हमें अपने एक पंजे से अपना शिकार बना लेगा। इसलिए सभी कुत्तों ने निर्णय किया कि एक निश्चित दूरी से शेर पर भौकेंगे। भौंकने का सिलसिला आरंभ हुआ। एक कुत्ते ने भौंका झ्र अरे यह देखो इसका जबड़ा तो खुला हुआ है! हमारे जमाने के शेर एकदम गाय होते थे गाय! यह भी भला कोई शेर है। दूसरे ने भौंका झ्र हाँ-हाँ तुम सही कहते हो। हमारे जमाने के शेर एकदम बिल्ली की तरह एक कोने में चुपचाप पड़ा रहता था। इसका आकार तो देखो। खा-पीकर बड़ा बलिष्ठ बन बैठा है। तीसरे ने भौंका झ्र अरे उसके नाखून तो देखो। छी-छी कितने गंदे लग रहे हैं। भला कोई इतने लंबे नाखून रखता है। नाखून तो एकदम रुई की तरह होने चाहिए। चौथे ने भौंका झ्र अरे उसके सिर के बालों पर तो नजर डालो। कितने घने हैं। भला सभ्य समाज में कोई ऐसे बाल कैसे रख सकत है! यहाँ तो शरीफ लोग रहते हैं, ऐसो का यहाँ क्या लेना-देना?

सबके टिपियाने के बाद शेर ने एक जोरदार दहाड़ लगाई। जंगल थरथरा उठा। फिर उसने कहा झ्र जब से मैं देख रहा हूँ तुम लोग ऊटपटांग बातें किए जा रहे हो। कभी गाय, कभी बिल्ली, कभी कुछ, कभी कुछ टिपियाये जा रहे हो। तुम्हारी इन्हीं हरकतों ने मेरे दादा का खुद से विश्वास उठ गया कि वे भी कभी शेर हुआ करते थे। आज भी तुम लोग वही हरकतें कर रहे हो। लेकिन मैं अपने दादा की तरह नहीं हूँ। मैं यहाँ आने से पहले हाथी के पास गया था। उसने मुझे बताया कि ये बाजार के कुत्ते भौंक-भौंक कर सामने वाले का आत्मविश्वास खत्म कर देते हैं। कभी तुम्हें गाय तो कभी बिल्ली की तरह दिखने के लिए कहेंगे, लेकिन तुम कतई मत बनना। समझे। कुत्ते कुछ कहते उससे पहले ही शेर बोल पड़ा झ्र एक बात हमेशा याद रखना बिल्ली से गाय, गाय से शेर और शेर से सौम्य होने की उम्मीद कतई मत रखना। स्वभाव बदलने से अर्थ का अनर्थ हो जाता है।

## कण कण में शिव

कण-कण में शिव समाया है।
हर छण में शिव की माया है।।

आदि अनंत, अटल है शिव।
आरंभ व अंत, पटल है शिव।
जीव में शिव,निर्जीव में शिव।
शिव शंकर डमरू वाला है।।

धरती में शिव, अंबर में शिव।
पर्वत में शिव, जंगल में शिव।
नदी में शिव, सागर में शिव।
शिव तो जी भोला भाला है।।

चर में है शिव, अचर में शिव।
अमृत में शिव, जहर में शिव।
जीवन में शिव, मृत्यु में शिव।
शिव का तो खेल निराला है।।

**राजकुमार निषाद'राज'**
**बिरोदा धमधा जिला-दुर्ग**

## जिम जाते हैं, लेकिन प्रोटीन डाइट नहीं लेते...

बहुत से लोग जिम में घंटों मेहनत करते हैं और पसीना बहाते हैं, लेकिन अपनी डाइट में पर्याप्त प्रोटीन नहीं लेते. क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने से आपके शरीर पर क्या असर पड़ेगा? अगर आप सही मात्रा में प्रोटीन नहीं लेते, तो आपकी मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं और आपकी मेहनत का पूरा फायदा नहीं मिल पाता. आइए जानते हैं कि प्रोटीन की कमी से आपके शरीर पर क्या असर पड़ता है और इसके लिए क्या करें.

**प्रोटीन क्यों जरूरी है?**-प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है. जब आप जिम में वर्कआउट करते हैं, तो आपकी मांसपेशियों में टूट-फूट होती है. प्रोटीन इन मांसपेशियों को ठीक करने और मजबूत बनाने में मदद करता है. अगर आप पर्याप्त प्रोटीन नहीं लेंगे, तो आपकी मांसपेशियां ठीक से नहीं बन पाएंगी और कमजोर हो सकती हैं.

**प्रोटीन की कमी के नुकसान**

* मांसपेशियों की कमजोरीः प्रोटीन की कमी से आपकी मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं. इससे आपकी ताकत कम हो जाएगी और आप जल्दी थक जाएंगे.

* थकान और कमजोरीः पर्याप्त प्रोटीन नहीं लेने से आपको जल्दी थकान महसूस होगी और आपकी ऊर्जा कम हो जाएगी.

* रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होनाः प्रोटीन आपकी इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है. इसकी कमी से आप जल्दी बीमार पड़ सकते हैं.

राजनीति

तनवीर जाफरी

# राहुल की मेहनत पर पानी फेरती पार्टी की गुटबाजी



देश के सबसे प्राचीन राजनैतिक संगठन कांग्रेस ने जितनी बार विभाजन व विघटन सामना किया है उतना किसी दूसरे राजनैतिक दल को नहीं करना पड़ा। केवल विभाजन ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी के जितने अवसरवादी,सत्ता लोलुप व विचार विहीन नेताओं ने दल बदल किया है और पार्टी छोड़ कर इधर उधर गए हैं उतने दल बदलू नेता भी किसी अन्य पार्टी में नहीं मिलेंगे। और विगत एक दशक से तो सत्ता ने कांग्रेस विरोध का जो तरीक़ा निकाला है उसे देखकर तो लगता ही नहीं कि कांग्रेस का 'राजनैतिक विरोध' किया जा रहा है। बल्कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस विरोध को व्यक्तिगत रंजिश व दुश्मनी के रूप में पेश किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर 'कांग्रेस मुक्त भारत ' का नारा देना, कई कांग्रेस शासित सरकारों को डरा धमकाकर या लालच देकर गिराना व अपनी सरकार बनाना,कांग्रेस के अनेक नेताओं को किसी न किसी आरोप में उलझाकर उन्हें हतोत्साहित करने की कोशिश करना,राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्य्ता रद्द करना,उनसे बांग्ला खाली करवा लेना,उनपर कई जगहों से मुक़द्दमे क़ायम कराना, चुनाव पूर्व कांग्रेस के खाते फ्रीज करवाना,ई डी ,सी बी आई आदि का भय दिखाकर अनेक कांग्रेस नेताओं को अपने पाले में लाना, नेहरू गाँधी परिवार पर तरह तरह के झूठे लांछन लगाना, स्वयं दस वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद देश की अनेक समस्याओं के लिये नेहरू को जिम्मेदार ठहरना,राहुल गाँधी को 'पप्पू ' साबित करने के लिये करोड़ों खर्च करना व भाजपा आई टी सेल द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाते हुये कांग्रेस को सनातन विरोधी,हिन्दू विरोधी बताना कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण व पाक परस्त होने का दुष्प्रचार करना जैसी तमाम बातें हैं जो इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफी हैं कि भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान शीर्ष नेतृत्व ने कांग्रेस को समाप्त करने में अपनी तरफ से कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ी। सत्तारूढ़ भाजपा के इसी कांग्रेस विरोधी दुष्प्रचार का परिणाम था कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस भारतीय इतिहास में अब तक सबसे कम यानी मात्र 52 सीटें ही जीत सकी। और इसी बहाने भाजपा ने कांग्रेस का विपक्ष के नेता के पद का दावा भी स्वीकार नहीं किया। कारण बताया गया कि विपक्ष के नेता के पद का दावा करने के लिए कांग्रेस आवश्यक 10% सीटें पाने में विफल रही है। उसके बाद राहुल गाँधी ने सत्ता से डटकर मुक़ाबला किया। कई ज्वलंत मुद्दे उठाये। पूरे देश में दक्षिण से उत्तर यानी कन्याकुमारी से श्रीनगर व पूरब से पश्चिम अर्थात मणिपुर से मुंबई तक की 10,000 किलोमीटर से भी अधिक की दूरी तय की। राहुल ने इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से मुलाक़ात की। इन यात्राओं में राहुल के साथ देश की अनेकानेक प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुईं। उन्हें यह पद यात्रा खासतौर पर इसलिये करनी पड़ी क्योंकि देश का मीडिया सत्ता के आगे दंडवत हो चुका है। मीडिया विपक्ष की आवाज बनना या जनता की आवाज उठाना तो दूर उल्टे विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश में लगा रहता है। मुख्य धारा का कहा जाने वाला यही मीडिया है जिसने राहुल को पप्पू साबित करने में भाजपा व उसके आई टी सेल का पूरा साथ दिया। इसीलिये राहुल ने देश की जनता से स्वयं मिलने, व उनकी समस्याओं को सुनने का प्रयास किया। राहुल गाँधी के अनुसार 2024 का न्याय पत्र / चुनाव घोषणापत्र भी उसी पदयात्रा के दौरान निकाले गये निष्कर्षों व जनता से मिले सुझावों पर ही आधारित है।





राहुल गांधी ने अपने इन्हीं अथक प्रयासों की बदौलत 2024 के लोकसभा चुनाव में न केवल कांग्रेस को 52 से बढ़ाकर लगभग 100 तक पहुँचाया है बल्कि यू पी ए की जगह नया इंडिया गठबंधन बनाकर भी सत्तारूढ़ भाजपा व राजग को कड़ी चुनौती दी है। पिछले 5 वर्षों में जितने नेताओं ने कांग्रेस छोड़ी है उतने नेता किसी अन्य पार्टी से पलायन करते तो उस दल का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता। परन्तु राहुल गाँधी व प्रियंका गाँधी ने सोनिया गाँधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में अपने कौशल का लोहा मनवाकर स्वयं को अजेय समझने की ग़लतफहमी पालने वाले नेताओं को बैकफुट पर धकेल कर उन्हें रक्षात्मक मुद्रा में ला खड़ा किया। कांग्रेस के इस पुनरुत्थान से पूरे देश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में तो जरूर जोश व उत्साह का संचार हुआ है परन्तु नेताओं की गुटबाजी है कि अभी भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। हर राज्य में कई कई मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। हर नेता मुख्यमंत्री बनने के चक्कर में अपने अधिक से अधिक समथर्कों को टिकट दिलाना चाहता है भले ही वह विजयी होने की स्थिति में हो या न हो। कोई स्वयं मुख्यमंत्री रह चुका है तो वह अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाह रहा है। जिसे पार्टी टिकट नहीं देती वह दूसरे दल में यहाँ तक कि विचारधारा के मामले में धुर विरोधी दलों तक में जाने से गुरेज नहीं करता। इस तरह के दलबदल से एक बात तो साफ हो ही जाती है कि ऐसे नेताओं का न तो कोई जमीर है न वैचारिक प्रतिबद्धता, न पार्टी के प्रति वफादारी का जज़्बा और न ही इस बात की फिक्र कि वर्तमान दौर में गांधीवादी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली कांग्रेस को समाप्त करने की साम्प्रदायिकतावादियों की साजिशों का मुक़ाबला करने के लिये राहुल व प्रियंका गाँधी द्वारा कितनीमेहनत की जा रही है। देश का कौन नेता है जो मोचियों से चप्पल सिलना सीखेऔर उनके दुःख दर्द पता करे ? फौजी, छात्र,लोको पायलट,क़ुली,मजदूर, किसान, सब्जी फरोश, ट्रक ड्राइवर, राज मिस्त्री, चाय वाला, टैम्पू चालक, खेतिहर मजदूर, स्कूटर मिस्त्री किस वर्ग से राहुल नहीं मिले ? उनकी इसी मेहनत का ही नतीजा है कि आज कांग्रेस पुनः वापसी की राह पर है। परन्तु उन नेताओं को जिनकी पहचान ही कांग्रेस नेता के रूप में बनी है जब वही लोग कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता व कार्यकर्त्ता बनाने के बजाये केवल अपने स्वार्थवश अपने अपने गुट के नेताओं को ही तरजीह देने लगेंगे तो कहना ग़लत नहीं होगा कि पार्टी की यह भीतरी गुटबाजी राहुल की मेहनत पर पानी फेरने का काम करेगी।

## एक नजर

### सोलर लाइट फर्जीवाड़े में कांग्रेस नेता सहित दो अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज,जांच में जुटी पुलिस

**कोंडागांव 29 जुलाई।** माकड़ी जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट लगाने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले कांग्रेस नेता गजेंद्र राठौर सहित दो अन्य लोगों के खिलाफ माकड़ी पुलिस ने बीएनएस की अलग-अलग धाराओं के तहत एफ आईआर दर्ज की है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस बारे में शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल संज्ञान लेकर जिला पंचायत को प्रेषित दस्तावेजों की जांच सीईओ जनपद पंचायत के द्वारा करवाई गई। जांच में पाया गया कि शामपुर निवासी गजेन्द्र राठौर और सुश्री नेहा जैन द्वारा जनपद पंचायत माकड़ी में पदस्थ वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी इंद्र कुमार ध्रुव के साथ मिलकर यह फर्जी कार्यादेश जारी करवाया। जो दस्तावेज जांच हेतु प्राप्त हुए, वह कार्यालय के आवक-जावक रजिस्टर में उस नाम से उल्लेखित नहीं है। वहीं वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी इंद्र कुमार ध्रुव द्वारा क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर कार्यादेश जारी करना, प्रस्ताव जारी करना, कार्य प्रारंभ करने हेतु पत्र जारी करना एवं वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत माकड़ी की मुहर का दुरुपयोग करना पाया गया। इस मामले में वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी इंद्र कुमार ध्रुव, गजेन्द्र राठौर और सुश्री नेहा जैन के विरुद्ध थाना माकड़ी में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 64 बी, तथा 34 के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। माकड़ी पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### एक ग्रामीण युवक की खेत के पानी में डूबने से हुई मौत

**जगदलपुर 29 जुलाई।** जिले के नगरनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गारावंड में एक ग्रमीण युवक बुदसन नाग की खेत के पानी में डूबकर मौत हो गई। मृतक को मिर्गी का दौरा आता था जिसकी वजह से खेत के पानी में डूबकर मरने की आशंका व्यक्त की जा रही है। नगरनार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक बुदसन नाग ग्राम गारावंड खुरपारा पुलिया के पास अपने खेत में गया था, खेत की पानी में डूबकर मौत हो गया। परिजनों के मुताबिक मृतक सुबह लगभग 5 बजे खेत जाने की नाम से घर से निकला था। बहुत देर बीत जाने के बावजूद वापस नहीं आने से परिजन ढूढने के लिए खेत की तरफ जाकर देखे तो वह खेत में गिरा पड़ा था और उसका मौत हो चुकी था। परिजनों ने मौके पर डायल 112 को जानकारी दी जिसके बाद नगरनार पुलिस की मदद से युवक के शव को पास्टमार्टम के लिए भेजा गया, जिसका आज रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### 25 अवैध मवेशी के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार



**कोंड़ागांव 29 जुलाई ।** थाना माकडी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम तमशावण्ड में रेड कार्यवाही किया गया रेड कार्यवाही में 3 आरोपी दुर्जन विश्वकर्ता पिता जुगधर विश्वकर्मा साकिन मुलमुला जामपारा थाना कोतवाली कोंड़ागांव, लखेश्वर नरकाग पिता गुंजुराभ मरकाम साकिन मुलमुला जानपारा थाना कोतवाली कोंड़ागांव। राजू विश्वकर्मा पिता जुगधर विश्वकर्मा साकिन मुलमुला जामपाश थाना कोतवाली कोंड़ागांव के कब्जे से 3 भैसी, 9 नग भैसा, 13 नग बैल मिला पूछताछ करने पर बताये कि आस-पास के गांव से कृषि हेतु किसानों से जानवर खरीदते है और उडिसा बार्डर में अन्य कोचिंया को कटनी (मांस) के लिए बेचा जाता है। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र. 45/24 धारा छग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4. 06, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियन 1980 कायम कर विवेचना में लिया गया है सभी आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक सुशील पटेल, सउनि राकेश भोयर, सउनि गिरीश कतलम, प्रधान आरक्षक राकेश जुरी, प्रधान आरक्षक सहदेव कुजांम आरक्षक गंगा मरकाम, केमेन्द्र उईके एवं एम.टी.आर. मनेश मण्डावी का योगदान रहा।

### बारिश में कच्चा मकान गिरने से एक मासूम की मौत, दो घायल



**नारायणपुर 29 जुलाई।** जिले के उरुंदाबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत झाकरी गांव में लगातार हो रहे बारिश के चलते एक कच्चा मकान ढह गया, जिसके मलबे में एक मासूम बच्चा दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं 2 बच्चे घायल हैं, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उरंदाबेडा के झाकरी गांव में आज रविवार सुबह जोरदार बारिश हो रही थी, सर्द मौसम में ठंड से बचने के जिए 3 बच्चे मकान में आग ताप से रहे थे। इसी दौरान मिट्टी का कच्चा मकान भर-भराकर गिर गया। इस दौरान तीनों बच्चे मलबे में दब गए थे। परिजनों ने तुरंत बच्चों को गिरे हुए कच्चे मकान से बाहर निकाला। इस दौरान 2 साल के मितांशू दुग्गा पिता दशमु दुग्गा की दम घुटने से जान चली गई। वहीं दो अन्य बच्चे 3 साल के चित्रांश दुग्गा पिता बज्जूराम, 22 साल के बज्जो दुग्गा पिता लखमा को नारायणपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व अमला की टीम मौके पर पहुंचकर बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। बच्चे की मौत से परिवार सदमे में है।

# दूसरे सावन सोमवार भी शिवालयों में उमड़ी भीड़

■ दूध ,गंगाजल, शहद व बेलपत्ती से शिवजी का किया अभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 29 जुलाई ।** सावन के दूसरे सोमवार पर भी आज नगर के तमाम शिवालयों में हर हर महादेव की गूंज सुनाई दी। दंतेवाड़ा समेत अंचल के समस्त शिवालयों में अल सुबह से ही जल चढ़ाने भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। शिवभक्तों ने आज दूसरे सोवार पर व्रत रख कर भोलेनाथ को जल चढ़ाकर आराधना की।

आज सावन का दूसरा सोमवार है। पहले सोमवार की तरह ही आज भक्तों का शिवालयों में सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिये तांता लगा रहा। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव की आराधना सावन में करने से मानव के सारे दुख दर्द एवं रोगों का नाश होता है, समृद्धि आती है। सच्चे मन से भोले बाबा की पूजा करने व व्रत रखने से वे प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को मनवांछित फल एवं वरदान देते हैं। वैसे तो भक्त पूरे सावन भर शिवजी की पूजा करते हैं। हर दिन भोलेनाथ को जल चढ़ाया जाता है वहीं सोमवार के दिन भगवान का विशेष अभिषेक भक्त करते हैं और शिवजी की कृपा आर्शीवाद प्राप्त करते हैं। दूसरे सोमवार पर आज नगर के शिवालयों में शिव पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। शिव भक्त सुबह से भी स्नान आदि से निवृत्त होकर पूजन सामाग्री जैसे दुध, दही, घी व शहद, पुष्प समेत विभिन्न पूजन सामग्री खरीदने में लगे रहे। दंतेश्वरी मंदिर रोड स्थित शिवालय में आज सुबह से भी भक्तों की अपार भीड़ लगी हुई है। डंकनी व शंकनी तट पर स्थित भैरमदेव बाबा मंदिर में भी महादेव शिव की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। मंदिरों में पहुंच भक्तों ने दूध, बेलपत्र, गंगाजल, धतूरा एवं कनेर के फूल व पुष्प आदि से शिवलिंग का जलाभिषेक कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। बाजारों में भी फलाहारी सामाग्री की जमकर खरीदारी हुई।



# बारिश में ग्रामीणों ने गर्भवती महिला को 3 किमी पैदल जंगल का सफर तय कर एंबुलेंस तक पहुंचाया

**सुकमा29 जुलाई ।** जिले में लगातार हो रहे बारिश से अंदरूनी इलाका जलमग्न हो गया है, इस दौरान एर्राबोर इलाके के ग्राम लैंड्रा में परिजनों ने एक गर्भवती महिला को खाट पर लिटाकर उसे कांधे से ढोकर एंबुलेंस तक पहुंचाया है। परिजन करीब 3 किमी पैदल चलकर जंगल का सफर तय किए, फिर गांव के बाहर खड़ी एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लेकर गए। बताया जा रहा है कि गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है। बारिश की वजह से चारों तरफ पानी भरा हुआ है, जिससे गांव वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त जनकारी के अनुसार एर्राबोर इलाके के ग्राम लैंड्रा की रहने वाली एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। परिजनों ने इसकी खबर स्वास्थ्य विभाग और एंबुलेंस के लिए कर्मचारियों को दी। हालांकि एंबुलेंस के कर्मचारी महिला को लेने पहुंच तो गए, लेकिन उन्हें गांव से करीब 3 किलोमीटर दूर ही रुकना पड़ा। गांव तक पहुंचने वाले कच्चे मार्ग में बारिश का पानी भरा हुआ था।ऐसे में परिजन महिला को एक खाट पर लेटा दिए, फिर उस खाट को कावड़ की तरह अपने कंधों पर ढोकर जंगल के रास्ते एंबुलेंस तक पहुंचे। बारिश के बीच महिला की जंगल के रास्ते, बरसाती नाले पार कर एंबुलेंस तक पहुंचाया गया, जिसके बाद महिला को अस्पताल भिजवाया गया। बता दें कि बस्तर में पिछले लगभग 15 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर इन 3 जिलों के अधिकांश गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। गांवों तक पहुंचने वाले कच्चे-पक्के रास्तों में बारिश का पानी भरा हुआ है, जिससे गांवों का संपर्क भी कट गया है।



# झरिया का पानी पीने से मिली मुक्ति घर तक पहुंचा नल-जल का पानी

**गरियाबंद 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के तहत गरियाबंद जिला के वनांचल गांव तुपेंगा के ग्रामीणों को अब पीने का शुद्ध पानी मिल रहा है। उन्हें पेयजल के लिए झरिया पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है। ग्राम पंचायत मोंहदा के आश्रित ग्राम तुपेंगा में घर-घर तक नल जल का कनेक्शन पहुंच गया है। अब महिलाओं को लंबी दूरी तय कर पानी लेने नहीं जाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों को सदियों के बाद पानी लाने की झंझट से मुक्ति मिली है। घर में पानी मिल जाने से लोगों को काफी आराम एवं राहत मिली है। इसके लिए ग्रामीणों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जल जीवन मिशन को कारगर बताते हुए शासन प्रशासन का आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि खेतों एवं जंगलों के बीच बसे इस गांव में कुल घर 12 हैं। जल जीवन मिशन के पहले ग्रामीणों को किसी भी प्रकार के जल की पूर्ति के लिए एक मात्र शासकीय हैण्डपम्प एवं झरिया पर निर्भर रहना पड़ता था। ग्राम में मुख्यतः आदिवासी वर्ग निवास करते है। जिनका मुख्य आय स्त्रोत वनोपज संग्रहण एवं कृषि हैं। पहले दूर से पानी लाने के लिए अन्य कार्यों को छोड़कर पैदल दूर जाना पड़ता था। गर्मी, सर्दी, बरसात में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इससे घर के सदस्यों पर विपरीत स्वास्थ्य प्रभाव भी पड़ता था। गांव की रहने वाली जयमति की बताती है कि दूर दूर से पानी लाकर थक जाते थे। जल जीवन मिशन के द्वारा प्रत्येक घरों में नल लगने से सभी के स्वास्थ्य में सुधार एवं शारीरिक कार्य क्षमता में वृध्दि हुई है। साथ ही छोटे बच्चों के साथ खेलने एवं समय बिताने का मौका मिल रहा है। गांव की रहने वाली श्रीमोतिन, रोमिन एवं जयमति जल जीवन मिशन के तहत घर में ही मिल जा रहे पेयजल के बचत पानी के सदुपयोग के लिए अपनी बाड़ियों में साग भाजी भी लगाने का फैसला किया है। साथ ही अच्छे उदाहरण के रूप में अपने आपको पेश कर अन्य ग्रामीणों को भी पानी के सदुपयोग एवं संरक्षण करने को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया है।



### मल्लेबाग पुलिया टूटने से लोगों की बढ़ी परेशानी पैदल चलकर जाना पड़ रहा है चिंतलनार



**सुकमा 29 जुलाई ।** जिले में लगातार हो रहे भारी बारिश का असर आम जनजीवन पर पडने् लगा है, नदी-नाले उफान पर हैं दूरस्थ ग्रामों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। दोरनापाल गांव से जगरगुंडा गांव जाने में भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसाती पानी के कारण पूरा इलाका पानी-पानी हो गया है, जिससे आवागमन ठप है। दस दिन पहले मल्लेबाग पुलिया टूटने के बाद चिंतलनार-जगरगुंडा की ओर जाने वाले लोगों को खासकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के गांव के लोग भी नाला पार कर अपने गांव जाने को मजबूर हैं। जगरगुंडा के लोगों का जिले से 9 दिनों से संपर्क टूटा हुआ है। मल्लेबाग पुलिया टूटने की वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कई लोग पैदल भी चलकर चिंतलनार आ रहे हैं। इलाके में दो बसं चलती हैं जो केवल चिंतलनार तक ही जा पा रही हैं ये दोनों बसें जगरगुंडा तक जाती थीं अब चिंतलनार से बसे वापस आ रही हैं।

# गुदगुदा में भीम साहू,धनेश्वरी साहू बने एसएमसी अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 29 जुलाई।** शास. माध्यमिक शाला गुदगुदा परिसर में आयोजित शाला प्रबंधन और विकास समिति की आम बैठक में एसएमसी समिति का पुनर्गठन कर शास. माध्य. शाला में सर्वसम्मति से भीम साहू को अध्यक्ष, बसंत साहू को उपाध्यक्ष, और शास. प्राथमिक शाला में एसएमसी अध्यक्ष पद के लिए अध्यक्ष धनेश्वरी साहू ,उपाध्यक्ष पद के लिए चंद्रकुमार साहू को उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्ताव एवं अनुमोदन की प्रक्रिया द्वारा सर्वसम्मति से पदाधिकारी मनोनीत किया गया तथा शिक्षाविद, पंचायत प्रतिनिधि तथा पालक समिति का भी गठन किया गया। इस अवसर पर बैठक के एजेण्डा में पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय की सुचारू व्यवस्था एवं सफल संचालन पर चर्चा भी की गई तथा सभी सदस्यो के सहयोग और सामुदायिक सहभागिता पर सहयोग हेतु चर्चा भी की गई। बैठक में सरपंच घनश्याम साहू, लोकेश कुमार साहू, एसएमसी अध्यक्ष एवन लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष सनातन कुमार साहू, रामेश्वर सोनकर, देवेन्द्र हिरवानी, नरहरी साहू, सियाराम साहु, गीता साहू, वंदिता साहू, मीना साहू, सखाराम निर्मलकर, संस्था प्रमुख दुर्गेश द्विवेदी, प्रधानपाठिका चंद्रप्रभा बघेल, चन्द्रिका यादव, अशोक साहू, निर्मल सोनी सहित पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।



■ दाल से लेकर, टमाटर, आलू-प्याज सभी के दामों में इजाफा

# आसमान छू रहे सब्जियों के दाम, आलू,प्याज भी निकाल रहे दम





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 29 जुलाई।** सरकारें चाहे जिस भी पार्टी की हो देश में महंगाई दिन न दिन बढ़ता ही चली जा रही है इस पर किसी का जोर नहीं चल रहा। एक तरह से इस समय महंगाई बम फूट गया है। खाद्य पदार्थो, रसोई गैर, पेट्रोल डीजल तथा महंगे होते मोबाईल रिचार्ज से तो एक तरफ आम जनता परेशान थी ही वहीं मानसुनी सीजन में सब्जियों के दामों कें भी बेतहाशा वृद्धि ने गरीब लोगों की कमर ही तोड़कर रख दिया है। महंगी दाल हरी सब्जियों समेत आलू प्याज के दाम आसमान छू रहे हैं। गरीब एवं मध्यम वर्ग की महंगाई से कमर टूट रही है। आम इंसान का जीना दुश्वार हो गया है।

महंगाई का आलम यह कि आम इंसान खाए तो क्या खाए। दालें पहले ही महंगी हो रखी है। आज की तारीख में राहत दाल 170 से लेकर 200 रूपए किलो की भाव में बिक रहा है। गरीब इंसान आलू प्याज , टमाटर में गुजारा कर रहा था तो अब ये भी महंगी हो गई है। जनता की थाली से धीरे धीरे अनाज, दालें समेत अब आलू प्याज व टमाटर की चटनी भी गायब होती जा रही है। वर्तमान भाव पर एक नजर डालें तो लहसून, अदरक आज बाजार में 200 रूपए किलो बिक रहा है। आलू व प्याज की कीमत 50 रूपए प्रति किलो है। फूल गोभी, मुनगा, सेमी व बिंस 100 रूपए, भिंडी, परवल, करेला, टमाटर 50 से 60 रूपए, बरबटटी 80 रूपए, खेक्सी 120 रूपए, बैंगन 60 रूपए में मिल रहा है। रोज कमाने खाने वाले गरीब दिहाड़ी मजदूर के घरों में न दाल बन रही है न ही वह महंगी सब्जी ही खा पा रहा है। ये हाल उस देश का है जो विश्व में अर्थव्यवस्था पर अपने को पांचवा स्थान कहता है और भारत का सपना है कि वह जल्द ही तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा। अगर महंगाई का यही हाल देश में बदस्तूर जारी रहा तो पायदान उपर चढेगा या नीचे लुढकेगा यह आंकलन हम महंगाई से त्राहिमाम कर रहे देश की जनता जर्नादन पर छोड़ देते हैं। दूसरी बात यह कि ऐसी फतह हासिल करने का क्या फायदा कि देश की जनता महंगाई से मर रही है और हम विश्व में अर्थव्यवस्था पर पहला-दूसरा होने का तमगा ले रहे हों।

## समाचार संक्षेप

### सट्टा-पट्टी व 5 लाख 50 हजार नगदी के साथ तीन सटोरिए गिरफ्तार



**जगदलपुर 29 जुलाई।** जिले के थाना कोतवाली पुलिस के मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि हरीश भुरा पिता दयादीन भुरा उम्र 55 साल निवसी नयापारा बीएसएनएल आफिस के पास जो आदतन सट्टा खेलाता है, सूचना पर आरोपी के पंचर दुकान में आज रविवार को रेड कार्यवाही की गई। जिसमें आरोपी के द्वारा सट्टा-पट्टी लेते हुये लोगो को सट्टा खिलाना कबुल किया रेड कार्यवाही में आरोपियों के कब्जे से अंक व पैसा लिखा हुआ बहुत सारे सट्टा-पट्टी व 5 लाख 50 हजार 320 रूपये नगदी रकम बरामद किया गया है । मौके पर ही विधिसंगत कार्यवाही करते हुये आरोपी हरीश भुरा जो कि दोनो पैरो से अपाहिज है, पहले भी इसके विरूद्ध कार्यवाही हो चुकी है। उसके दो अन्य साथी उदय बघेल और समारू मांझी दोनो निवासी मेटगुडा जो मुख्य आरोपी को लाना ले जाना दिनचर्या के संपूर्ण कार्य इनके द्वारा ही कराई जाती है एवं सट्टा-पट्टी तीनो मिलकर खिलाते है। थाना कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक-335/24 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6-ख पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

### भूस्खलन से मलबा रेलवे ट्रैक पर गिरा, 31 जुलाई तक दूसरे रूट से पंहुचेगी नाइट एक्सप्रेस



**जगदलपुर 28 जुलाई।** बस्तर को ओडिशा और आंध्र प्रदेश से जोडने् वाली किरंदुल-कोत्तावालसा रेल लाइन पर भूस्खलन से पहाड़ों से कटकर मालबा रेलवे ट्रैक पर गिर गया है, जिससे किरंदुल-विशाखापट्टनम रेल मार्ग बाधित हो गया है। रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं, मलबा हटाने का प्रयास किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा के चमड़ीपल्ली रेलवे स्टेशन के नजदीक भू स्खलन हुआ है। जब इसकी जानकारी रेलवे को मिली तो इस मार्ग को बहाल करने के लिए दल मौके पर पहुंचा, जिसके बाद से मलबा को हटाने की कवायद शुरू कर ली गई है। मलबे को हटाने के लिए 24 घंटे से ज्यादा का समय लगने का अनुमान है। यात्रियों को परेशानी न हो इसलिए रेलवे ने मार्ग परिर्वतित कर दिया है। किरंदुल से विशाखापट्टनम तक चलने वाली नाइट एक्सप्रेस ट्रेन 31 जुलाई तक ओडिशा के रायगड़ा से घूम कर जगदलपुर और फिर दंतेवाड़ा पहुंचेगी। वहीं दंतेवाड़ा से किरंदुल के बीच का इलाका भी काफी खतरनाक है, जिसे ध्यान में रखाते हुए रेलवे के अधाकिारियों ने यात्री ट्रेन को दंतेवाड़ा तक ही चलाने का निणर्य लिया है। हालांकि मालगाडियों की आवाजाही किरंदुल तक बरकरार रहेगी।

### भंगाराम देवी की अदालत में सभी देवी-देवताओं की होती है पेशी, भंगाराम देवी मेले को राष्ट्रीय दर्जा मिले:फूलोदेवी

**कोंड़ागांव 29 जुलाई।** राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने राज्यसभा में भंगाराम देवी मेले को राष्ट्रीय दर्जा देने का मामला उठाया।



फूलोदेवी नेताम ने कहा कि बड़े गर्व की बात है कि हम आदिवासियों ने अपनी सभ्यता और संस्कृति को संजोकर रखा और विरासत में अपनी आने वाली पीढ़ियों को दे रहे हैं। फूलोदेवी नेताम ने यह भी कहा कि बस्तर के कोंडागांव जिले के केशकाल में भंगाराम देवी का मेला लगता है और यह बडा अनोखा होता है। यह मेला आदिवासी विशेषकर गोंड जनजाति के लोगों की आस्था का केंद्र भी है। जिस तरह न्यायाधीश मामले को सुनते हैं और न्याय देते हैं उसी तरह मेले में भंगाराम देवी की अदालत में सभी देवी-देवताओं की पेशी होती है और उनसे पूरे साल के कार्यों का ब्यौरा लेती हैं। यदि उन लेखा-जोखा में किसी देवी-देवता की गलती निकलती है तो माता उसे निष्कासित भी कर देती है या उनके कार्यों को कुछ समय के लिए रोक देती है। फूलोदेवी नेताम ने कहा कि मेले में लाखों लोग आते हैं लेकिन स्थानीय क्षेत्र का विकास नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पडता है। अतः भंगाराम देवी के मेले को राष्ट्रीय मेले का दर्जा दिया जाए और क्षेत्र के विकास के लिए अलग से कार्ययोजना बनाई जाए।



**सुकमा 29 जुलाई।** नगरी निकायों में प्रतिमाह वेतन की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी- कर्मचारी कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**एक नजर**

### उर्वरक स्कंध में अनियमितता पाये जाने पर दो संस्थानों पर कार्रवाई, तीन को नोटिस



**रायगढ़, 29 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में कृषकों को खाद बीज एवं कीटनाशक की सुगमता पूर्वक गुणवत्तायुक्त उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए हुए है। उक्त निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले के समस्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों के द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उक्त जाँच अभियान में विगत सप्ताह में 10 संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उर्वरक स्कंध में अनियमितता पाये जाने पर मेसर्स प्रकाश ट्रेडर्स पुसौर को 14 दिनों के लिये एवं मेसर्स सूरज इंटरप्राइजेस कबीर चौक रायगढ़ को 21 दिनों के लिये विक्रय पर प्रतिबंध की कार्यवाही की गई है। इसी तरह मेसर्स गोयल फर्टीलाईजर रायगढ़, महामाया जनरल स्टोर घरघोड़ा एवं मेसर्स हरियाली खरसिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बीज एवं खाद की गुणवत्ता जांच के लिए विभिन्न विक्रय केन्द्रों से खाद के 103, बीज के 151 एवं कीटनाशी के 19 नमूने जांच के लिए भेजे गये है। उप संचालक कृषि श्री अनिल कुमार वर्मा के अनुसार पूरे खरीफ मौसम में आदान सामग्रियों के गुणवत्ता बनाये रखने के लिये नमूना जांच एवं विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण सतत रूप से चलता रहेगा एवं दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही कि जाएगी।

### अग्निवीर थलसेना चयनित प्रतिभागियों का शारीरिक प्रशिक्षण 1 अगस्त से होगा प्रारम्भ

**रायगढ़, 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के पहल पर रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा अग्नि वीर भारती थल सेना परीक्षा के लिखित चयनित प्रतिभागियों के लिए 45 दिनों का शरीरिक प्रशिक्षण कोर्स प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था। वित्त मंत्री श्री चौधरी के निर्देशन पर रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए उर्दना पुलिस लाइन, रायगढ़ का स्थल प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया है। जो भी प्रतिभागी रायगढ़ जिले के अंतर्गत निवासरत हैं और जिन्होंने अग्नि वीर भर्ती परीक्षा 2024 लिखित परीक्षा में शामिल होकर शारीरिक परीक्षा के लिये चयनित हुए हैं वे सभी प्रतिभागी इस शारीरिक योग्यता प्रशिक्षण कैम्प में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण कैम्प पूर्णतः निःशुल्क होगा। संबंधित परीक्षार्थी जिन्होंने भी लिखित परीक्षा को पास किया है, वे सभी जिला पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक अमित सिंह के मोबाइल नंबर 9479267072 एवं प्रभारी भुवनेश्वर पटेल के मोबाइल नंबर 7000081311 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। संबंधित पात्र प्रतिभागी अपने समस्त डॉक्यूमेंट की छाया प्रति यथा कक्षा 10 वीं, 12 वी अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण-पत्र, आधारकार्ड की छायाप्रति, दो पासपोर्ट फोटो अग्निवीर भर्ती परीक्षा की अंकसूची के साथ के साथ पूर्व पंजीयन 30 जुलाई 2024 तक रक्षित निरीक्षक कार्यालय, उर्दना रायगढ़ में जमा करवा सकते हैं। प्रथम चरण का 30 दिनों का शरीरिक प्रशिक्षण 01 अगस्त 2024 से प्रारंभ होगी।

### प्रत्येक शुक्रवार को स्व-सहायता समूह के उत्पाद का लगेगा काउंटर

**भिलाई,29 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा महिलाओं को रोजगारमुखी बनाने के लिएअभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये जा रहे शुद्ध, नेचुरल, स्वास्थ्य वर्धक घरेलू उत्पाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में जनगणना विभाग के बगल में जगह निर्धारित किया गया है। जहां पर प्रत्येक शुक्रवार को स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा अपने-अपने उत्पाद को लाकर कार्यलयीन अवधि में विक्रय किया जाएगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने लोगो से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में स्व-सहायता समूह द्वारा बनाये गये उत्पाद को खरीदें। जिससे सबको प्रोत्साहन मिले, शहरी आजीविका मिशन का लक्ष्य है, महिला समूहों को स्वावलंबी बनाना। स्वच्छता समूह के महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे प्रमुख रूप से उत्पाद रहेगा - आंवले का मुरब्बा, आंवला जूस, आचार, पापड़, बड़ी, जुट बैग, नेचुरल खाद, मिट्टी भरकर पौधा लगाने वाले बैग, सजावटी सामान, छत्तीसगढिया व्यंजन, कुसन क्कहर, आगरबत्ती, घुप बत्ती एवं त्यौहार अनुसार राखी का बिक्रय किया

# नगर पंचायत कोपरा में सत्ता पर काबिज होने अमितेश शुक्ल ने संभाली कमान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 29 जुलाई।** 2024 में अस्तित्व में आए नए गरियाबंद जिले के नए नगर पंचायत कोपरा में सत्ता में काबिज होने राजनीतिक दलों के मैराथन बैठक शुरू हो चुकी हैं।

शनिवार को नगर पंचायत कोपरा में श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में किया गया था। प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं पूर्व विधायक राजिम अमितेश शुक्ल बैठक में शामिल हुए। इससे पहले नगर के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता व महिला कांग्रेस ने सक्ती प्रदर्शन करते हुए कोपरा में बाइक रैली निकाली एवं आतिशबाजी और पुष्पमाला से अमितेश शुक्ल का ऐतिहासिक स्वागत किया। नगर पंचायत कोपरा में सत्ता पर काबिज होने प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने कमान संभाल ली है। श्री शुक्ल ने कांग्रेस के जोन और सेक्टर की बैठक लिए। मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता को पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड में साफ सुथरा छवि के साथ साथ जुझारू व्यक्ति को पार्टी टिकट देगी। 15 वार्ड से तीन तीन लोगो की पैनल में नाम पार्टी को भेजा जाएगा । श्री शुक्ला ने कहा कि नगर में मूल भूत समस्याएं आमजनता को नहीं मिल रहा है। बीजेपी हवाई चमक दिखा रही है पर जमीनी हकीकत कुछ और है।श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में शनिवार को राजिम के पूर्व विधायक व प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने कोपरा नगर के जोन सेक्टर कार्यकर्ताओं से सीधे रूबरू हुए।आगामी नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत कोपरा में कांग्रेस की नगर सरकार बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई।शुक्ल ने कार्यकर्ताओ से सुझाव मांगे वही कई मुद्दो पर चुनाव में जीत दर्ज करने का मूल मंत्र भी बताया।लगभग 3 घंटे तक हुई सीधी संवाद में यह तय किया गया की वार्ड व नगर में टिकट उन्ही को मिलेगा जिसे जनता पसंद करेगी।शुक्ल ने साफ कह दिया है की यह चुनाव सीधी जनता से जुड़ी होती है ऐसे में उनकी पसंद का आंकलन करने के बाद ही टिकट दिया जायेगा।इसके लिए अभी से वार्डो में बैठक कर आपस में रायसुमारी लेकर 3द्ध3 दावेदारों के नाम मांगा गया है।अमितेश शुक्ल पूरे समय कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने व रिचार्ज का काम किया ताकि विधान सभा लोकसभा की तुलना में कार्यकर्ता दुगुने लगन के साथ मैदान में उतर सके।नगर में प्रकाश व सफाई का भी ठिकाना नहीं ,युवा खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम जैसे जरूरी स्थान की कमी है।नगर में बाजार सुव्यवस्थित नही हुआ,पार्किंग जैसे आवश्यक स्थान का अभाव है।शुक्ल ने कहा की पालिका में केवल दिखावे का विकास किया गया।मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता को जिला कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महामंत्री ठाकुर ओंकार सिंह पूर्व जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू पूर्व उप सरपंच राजेश यादव जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू ने संबोधित किया वहीं सेक्टर अध्यक्ष अवध सिन्हा ने मंच संचालन किया। ग्राम पंचायत कोपरा नगर पंचायत बनने के बाद आगामी नवंबर-दिसंबर माह में होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर पंचायत कोपरा में कांग्रेस का कब्जा जमाने के उद्देश्य से स्थानीय राम जानकी मंदिर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल शामिल होकर आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा एकमत होकर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया गया। पूर्व विधायक श्री शुक्ल ने कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता एकमत होकर चुनाव लड़ेंगे। सभी 15 वार्डो सहित अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में जीतने योग्य उम्मीदवार को ही उतारने के लिए सभी वार्डो के मतदाताओं से रायशुमारी कर पैनल में 3 नाम का सूची बनाने कहा गया। पैनल में नाम चयन के लिए 3 सदस्यों का नाम लिया गया। जो वार्ड के मतदाताओं से बैठक कर चुनाव जीतने योग्य उम्मीदवार का 3 नाम का पैनल में लेने कहा गया। इस दौरान प्रशासनिक महामंत्री ओंकार सिंह ठाकुर,पूर्व जनपद सदस्य ठाकुर राम साहू जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, अवध राम सिन्हा,पूर्व सरपंच डॉली अजय साहू मोतीलाल साहू, गोरेलाल सिन्हा, राजेश यादव, रिकेश साहू नन्द कुमार साहू, पूर्व सरपंच योगेश्वरी साहू, अजय साहू, केजुराम साहू, ईशु तारक, ईशु साहू, रमेश साहू आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुम्हरमरा गांव में घर की खिड़की तोड़ धान खा गया हाथी



**राजिम/पांडुका , 29 जुलाई।** अपने दादागिरी से पूरा पांडुका अंचल को दहशत में मचाने वाला यह दंतेल एक बार फिर दो दिनों से पांडु का परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 74 दिवना परिसर के बनपैसा नामक जंगल में हाथी रूद्र3 ने डेरा डाल रखा है और वह आसपास के खेतों को रौंदते हुए गांव में घुसकर अपने मती अनुसार रखे किसानों के धान, महुआ या फिर बाडी में लगाए हुए फसल को नुकसान पहुंचा रहा है ऐसा ही रविवार रात को भारी चिंघाड़ने की आवाज के बीच गांव में आ धमका तथा जंगल से लगे ग्राम कुम्हरमरा में घुसकर बीच बस्ती में केजू राम के घर की खिड़की को तोड़ कर दो बोरी धान को खा गया । यह दंतेल खूंखार हाथी का दहशत पूरे अंचल में है हाला कि इसके हर मोमेंट को वन विभाग के टीम लगातार ट्रैक कर रही है जिसमें पांडुका परिक्षेत्र के हाथी दल , हाथी मित्र दल सहित विभाग के कर्मचारी इसके हर एक हरकत पर नजर बनाए हुए हैं पर इतने बड़े जीव को केवल देख कर के आगे रास्ता पर सुरक्षित किया जा सकता है इसके ऊपर अगर किसी प्रकार की छेड़खानी की तो ये और भड़क जाएगा क्योंकि यह पहले भी कई लोगों की जान ले चुका है इसलिए जतमई मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को सतर्क किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की जन हानी ना हो पर स्वयं ग्रामीण जंगल में फूटू खोदने में भारी संख्या में जाते हैं। ऐसे में विभाग के अलर्ट रहने की सलाह के बीच लोगों को जरूरत है कि खुद अपने सुरक्षा करें। दिन भर जंगल के बीच में यहां हाथी रहता है और शाम होते ही अपना मूवमेंट चालू करता है।

### परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक में प्रकरणों का निराकरण

**राजिम, 29 जुलाई।** परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण(नवागांव) की सामाजिक बैठक नवागांव में संपन्न हुआ। इस बैठक में सामाजिक गतिविधि, सामाजिक एकजुटता पर चर्चा करते हुए समाज मे आए हुए विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के पूजा अर्चना के साथ हुआ।इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और मनुष्य जिस समाज में जन्म लेता है जीवन भर उसकी पहचान उस समाज से होती है. समाज ही उसे नाम, पहचान, पद,यश,कीर्ति प्रदान करता है. इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह जिस समाज में पैदा हुआ है जहां से उसे सब कुछ मिला है उसे समाज के लिए कुछ अच्छा कार्य करना चाहिए. उन्होंने आगे संस्कार पर बल देते हुए कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है संस्कार विहीन मनुष्य पशु के समान होते हैं.इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण्य (नवागांव) के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू,उपाध्यक्ष गंगू राम साहू,रमा साहू, संरक्षक शोभाराम साहू,मतवार साहू तहसील कोषाध्यक्ष परदेशी राम साहू सचिव कृष्णकुमार,अंकेक्षक पारसमणी साहू,पूरन लाल साहू, सरोज साहू, पार्वती साहू, रामकुमारी साहू, लीला साहू, बिंदु साहू, गीता साहू शांति साहू डामिन साहू, वीरेंद्र साहू, रामकुमार हिरवानी, राजेश साहू, हेमंत साहू, रवि साहू, विनोद साहू,हीरालाल साहू,बालमकुन्द साहू,भुवन साहू, विजय साहू, बसंत साहू श्यामलाल साहू,यादव राम साहू,पुरषोत्तम साहू,तीजलाल साहू,गैंद लाल साहू,सेवक राम साहू सामाजिक पदाधिकारीगण व स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

### जनसमस्या निवारण शिविर में 144 आवेदन मिले



**बीजापुर,29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जन समस्या निवारण पखवाडा का आयोजन जिला मुख्यालय के नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक सात शान्तिनगर मे रविवार के नगर पालिका परिषद ने शुभारंभ किया। जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन नगर पालिका क्षेत्र मे दिनांक 27/7/24 से 10/8/24 तक किया जाएगा । जिसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष बेनूर रावतीय, पार्षद नन्द किशोर राना,पार्षद घासी राम नाग, पार्षद संजय गुप्ता पार्षद पुरोषोत्तम सल्लूर, मुख्य पालन अधिकारी पाल दास ने शांति नगर के प्राथमिक शाला के प्रागण मे किया गया।मुख्य रूप से जन समस्या निवारण मे नल-कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धवस्था पेशन, जन्म-मृत्यु प्रणाम पत्र, भवन निर्माण अनुप्ति यां, राजस्व वसूली तथा सं पत्तीकर, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण रोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे छोटे कार्य किया जाएगा। पार्षद नन्द किशोर राना ने बताया की जन समस्या निवारण पखवाडा 27तारीख से 10अगस्त तक सभी वार्ड मे शिविर आयोजित होगा,रविवार के आयोजित शिविर मे बहुत अधिक वार्ड मांग और समस्या बताया जिसमे कुल आवेदन 144 प्रप्ता हुआ,शेष आवेदन दूसरे दिन शिविर मे लेने की बात कही ।जन समस्या निवारण से शिविर के दौरान वार्ड वासियो के साथ नगर पालिका के कर्मचारी भुनेश्वर मांझी, भलसाय, सुनील कुरसम, नगरवासी मौजूद रहे।

### ग्रामीण सोशल मीडिया मैनेजमेंट प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर,29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ग्रामीण आदिवासी युवाओं के लिए उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण के 02 बैचों के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न होने के पश्चात इसी क्रम में डिजिटल दुनिया में सोशल मीडिया का उपयोग ज्यादा बढ़ने से बेहतरीन जॉब के मौके मिल रहे हैं। बीजापुर जिले के स्थानीय युवाओं को सोशल मीडिया मैनेजमेंट की तकनीक सिखाने का अभिनव पहल करते हुए जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 10 दिवसीय ग्रामीण सोशल मीडिया मैनेजमेंट प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सोशल मीडिया का उपयोग करके मौसम, कृषि, सरकारी नीतियों एवं योजनाओं इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान कर ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाना है। यह सुविधा ग्रामीणों के समस्याओं के निदान के लिए विशेषज्ञों से जुड़ने में भी मदद करती है।बीजापुर जिले के ऐसे युवा जो ग्रामीण सोशल मीडिया मैनेजमेंट कोर्स में प्रशिक्षण करने के रूचि रखते हों ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 40 युवाओं को 10 दिवसीय ग्रामीण सोशल मीडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा, प्रशिक्षण के दौरान उच्च संस्थानों में भी एक्सपोजर विजिट करवाया जावेगा।बीजापुर जिले के युवक एवं युवती जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं 12 वी उत्तीर्ण हों (स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण युवाओं को प्राथमिकता), 40 युवाओं के प्रशिक्षण हेतु (आवश्यकता होने पर साक्षात्कार भी लिया जावेगा) 50 प्रतिशत आवेदन जिले से आदिवासी वर्ग के युवा एवं शेष 50 प्रतिशत आवेदन जिले से अन्य वर्ग के युवा कर सकेंगें वे दिनांक 02 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष कमांक (ष्ठ-19) जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं। अथवा अधिक जानकारी के लिए श्री गौरव पाण्डेय (सहायक संचालक) मो. नं. 9407641115 से संपर्क कर सकते है।

### सुरेश चंद्राकर बने डिक्की बस्तर चेप्टर के अध्यक्ष



**बीजापुर,29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माता मरई समाज के जिला अध्यक्ष व.युवा उधमी तथा प्रतिष्ठित ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को भारतीय दलित व वाणिज्य उधोग. मंडल छत्तीसगढ़ द्वारा बस्तर चेप्टर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है गौर तलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य के अति पिछड़े जिले से आने वाले सुरेश चंद्राकर का इस जिले मे एक अलग पहचान है उनका सामाजिक कार्यों में अहम भूमिका रहती है वे सभी वर्गों में खासे लोकप्रिय है हर किसी की मदद मे भी वे आगे रहते है इस नये दायित्व से उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है सभी लोगों ने उन्हें बधाई देते हुये शुभकामनाएं दी है।

# समर्थकों ने सत्यनारायण शर्मा की पुण्यतिथि पर बांटी पाठय सामग्री



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 29 जुलाई।** ब्लाक कांग्रेस परिवार मे सत्यनारायण शर्मा रीढ की हडडी माने जाते थे,उनके कुशल नेतृत्व की वजह से कांग्रेस ने क्षेत्र मे हमेंशा बढत बनाकर अपना सम्मान बनाये रखा,27 जुलाई 2021 को जब सत्यनारायण शर्मा का आकस्मिक निधन हुआ तो पूरे क्षेत्र मे शोक की लहर दौड गयी थी,उनका आकस्मिक निधन कांग्रेस परिवार के अलावा क्षेत्र की सेवा भावना के लिए कभी ना पूरी हो पाने वाली एक बडी क्षति है। स्व.सत्यनारायण शर्मा की तीसरी पुण्यतिथी मे दर्जनो समर्थको ने उन्हे नमन करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की। दिन शनिवार को यहा के गहिरा गुरु आश्रम में पहुंचकर उनके समर्थको ने छात्रावास के बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया। इस दौरान यहा जनपद उपाध्यक्ष नाजिर साय निकुंज, बीडीसी फिलिसिता,बीडीसी ज्योति,बीडीसी राधेश्याम,अजय राजपूत,बीडीसी रामनरेश,नीता कुर्रे,कृति भूषण,अनिता खाखा,राजू गुप्ता, रोशू फेटवानी,हैप्पी भाटिया,डॉलर भाटिया,परम भाटिया, जोरेम लकड़ा,कुंवर साय बहनाटांगर,आलोक समेत अन्य मौजुद थे। ज्ञात हो कि स्व.सत्यनारायण शर्मा जब किसी भी ग्राम या क्षेत्र में छोटी से छोटी समस्या उत्पन्न होती तब उनके द्वारा स्वयं हाजिर होकर तत्काल समस्याओं का निराकरण कराया जाता रहा है,उनके जीवित रहते पत्थलगांव को अभेद किला बनाने में स्व सत्यनारायण शर्मा की अहम भूमिका रही और पूर्व विधायक रामपुकार सिंह को भारी मतों से जीत हासिल करवाने के लिए जन जन तक उन्होंने अपनी पहचान बनाई,जिससे 8 बार विधायक के रूप में क्षेत्र को रामपुकार सिंह ने अपनी सेवा दी। स्व.सत्यनारायण शर्मा पत्थलगांव विधानसभा सहित पूरे प्रदेश में अपने कार्यों और मधुर वाणी के अलावा कठोर निर्णय लेने के लिए एक अलग ही छाप छोड़ गए।।

### भगवान शंकर के नाम से प्राप्त दान से बनेगा महाप्रसाद



**उतई, 29 जुलाई।** बोल बम कांवर यात्रा समिति की बैठक रेस्ट हॉउस पाटन में बोल बम कांवर यात्रा के संयोजक जीतेंद्र वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष कांवर यात्रा का आयोजन 12 अगस्त को किया जाएगा। बैठक में गांव-गांव से आए हुए सदस्यों व शिवभक्तो को आमंत्रण कार्ड एवं एक मुट्ठी दान के लिए थैला दिया गया। कांवर यात्रा के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि कांवर यात्रा की तैयारी पूर्णता~ की ओर हैं। बैठक को प्रमुख रुप से संतोष शर्मा जी, निक्की भाले, लोकमनी चंद्राकर जी, निशा सोनी जी ने सम्बोधित किया एवं आभार प्रदर्शन दामोदर चक्रधारी ने किया। बैठक में बोल बम कांवर यात्रा पाटन क्षेत्र के पदाधिकारी विनोद साहू, नेतराम निषाद, निशा सोनी, डेरहा वर्मा, केशव बंछोर, केवल देवांगन, सागर सोनी, कुणाल शर्मा, मिलन देवांगन, प्रवीण मढ़रिया, देवानंद साहू, वासु वर्मा, माधव वर्मा, रोमनाथ वर्मा, मिलन देवांगन, पूणेंद्र सिन्हा, आदित्य सावर्णी, नीलेश वर्मा, नीलकंठ देवांगन, रानी बंछोर, हेमलता पटेल, भास्कर वर्मा, रमेश बंछोर,गोरेलाल श्रीवास,रोशन वर्मा,महेश लहरी,पालू साहू,ईश्वर यदु, अश्वनी यदु,गोकुल वर्मा,मनोज वर्मा,राजेन्द्र साहू,अमित वर्मा,कुणाल महिलांगे,गोपीचंद धरमगुड़ी,जीवन कोसरे,योगेश सोनी,रानी बंछोर,सीता देवांगन,चंद्रप्रकाश देवांगन,हरप्रसाद आडिल,नागेन्द्र कश्यप,द्रोण चन्द्राकर,मनेंद्र वैष्णव,अजय वैष्णव,डॉ. जीत्तु,गोकुल वर्मा,सुनील वर्मा,संतोष शर्मा,समीर बन्छोर,संदीप बंछोर, वीरेंद्र वर्मा, योगेंद्र शुक्ला,महेंद्र कुंभकार आदित्य सावर्णि,विक्रम निषाद, चोवाराम वर्मा,अजय वैष्णव,यमन मढ़रिया,शुभम सोनवानी,वेदप्रकाश वर्मा,चिरंजीव देवांगन,सीता देवांगन,टिया देवांगन,अमित वर्मा,गावस्कर देवांगन,प्रकाश बिजौरा ,सूरज वर्मा,नितेश तिवारी,विकास साहू,रमेश बंछोर,भूपेन्द्र धुरंधर,पुष्कर साहू,प्रिंसु महिलांगे,रोमनाथ साहू, कृष्णकांत वर्मा,लालजी साहू,लक्ष्मी पटेल,हिरेन्द्र वर्मा,लेखराम साहू,राजू वर्मा सहित पदाधिकारी सदस्य व सैकड़ों शिवभक्त उपस्थित थे।

# रायगढ़ में लगातार हो रही बारिश को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट



**रायगढ़, 29 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने वर्षा ऋत्त को ध्यान में रखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हुए हैं। रायगढ़ जिले में बीते दो दिनों से हो रही बारिश और बढ़ते नदी जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े एवं डिप्टी कलेक्टर एवं बाढ़ आपदा की नोडल अधिकारी श्रीमती रेखा चन्द्रा ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की और एहेतियाती दिशा निर्देश दिए।

एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने नदी के जलस्तर पर नजर रखने और जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी करवाने के निर्देश दिया। जल स्तर वृद्धि को देखते हुए नदी तट के करीब स्थित गांवों की सतत निगरानी के लिए कहा गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दवाईयां इत्यादि नियमानुसार संग्रहित करने और उपलब्ध कराने कहा है। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों को तत्काल इसकी सूचना देने और प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की पूरी तैयारी रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जलाशयों में जल स्तर की नियमित निगरानी और जल छोड़ने पर विशेष ध्यान रखने कहा है। उन्होंने जलाशयों से जल निकासी से पूर्व निचले गांवों को सूचित करने के निर्देश दिए। बाढ़ के कारण राहत शिविर लगाए जाने की स्थिति में नियमित चिकित्सा जांच उपलब्ध कराने हेतु कहा है। जिससे बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया व अन्य बीमारी के लक्षणों वाले मरीजों को अलग कर उपचार किया जा सके और बीमारी के प्रसार में भी रोक लगे। आश्रयों व राहत शिविरों में नियमित कीटाणु शोधन (सेनेटाइजेशन) और स्वच्छता के लिए अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है।

**नदियों-बांधों में जल स्तर की लगातार हो रही निगरानी**

लगातार हो रही बारिश से नदियों एवं बांधों में जल स्तर बढ़ा है। आज की स्थिति में केलो डेम में 201.60 मीटर, मांड में जलस्तर 226.10, महानदी चंद्रपुर ब्रिज में 197.80 मीटर, महानदी कलमा बैराज में 197.20 मीटर जल स्तर है। वहीं हीराकुंड डेम का जल स्तर 186.73 है। सभी नदियां और बांध अभी खतरे के निशान के करीब हैं। जिला प्रशासन द्वारा इसकी लगातार निगरानी की जा रही है।

**बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित, कंट्रोल रूम 07762-223750 पर दे सकते है सूचना**

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 42 में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा राहत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07762-223750 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, बाढ़ आपदा राहत शाखा श्रीमती रेखा चन्द्रा मोबा.नं.97528-06153 को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### सियान जतन क्लीनिक से वृद्धों को मिल रहा है लाभ



**रायगढ़, 29 जुलाई।** 'सियान जतन क्लीनिक' के तहत आयुष विभाग द्वारा वृद्धजनों (60 वर्ष) का सप्ताह के प्रति गुरूवार को निःशुल्क पंजीयन, उपचार एवं औषधि वितरण किया जा रहा है। साथ ही पंचकर्म चिकित्सा की आवश्यकता वाले वृद्धजन को पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा दी जा रही है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुष काढ़ा का वितरण किया जा रहा है। वृद्धजनों को स्वस्थ रहने के तौर तरीके बताने का काम आयुष चिकित्सकों के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। और इसके अच्छे परिणाम भी लोगों को प्राप्त हो रहें हैं। योजना के यह पहल समाज में वृद्धजनों की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए उनको बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। आयुष विभाग के द्वारा सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वृद्धजनों को बेहतर आयुष सेवायें मिल रही हैं। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के निर्देशन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.हितेश जायसवाल के मार्गदर्शन में शांति निकेतन वृद्धाश्रम में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ गुरूवार को निम्न सेवायें डॉ.माकेश्वरी जोशी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, योग चिकित्सक डॉ.जग्योशिनी बारला, योग प्रशिक्षक डोलनारायण साहू के द्वारा आयुर्वेदिक एवं एलौपैथी योग संबंधित चिकित्सा औषधि प्रदान किया जा रहा है।

### देवभोग के बारबहली एवं कदलीमुंडा की राशन दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित



**गरियाबंद, 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के निहित प्रावधानों के तहत विकाखण्ड देवभोग के निरस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत बरबहली एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान कदलीमुड़ा के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन केवल निम्नलिखित संस्थाएं ही कर सकेगी बड़े पैमाने पर जनजातीय बहुउद्देशीय सहकारी समितियाँ ,ग्राम पंचायत, महिला स्व. सहायता समूह (केवल वही समूह आवेदन हेतु पात्र है जिनका पंजीयन विज्ञापन जारी होने की तिथि से 03 माह पूर्व हो चुका हो,प्राथमिक सहकारी साख समितियां,वन सुरक्षा समिति, अन्य पंजीकृत सहकारी समिति उक्त श्रेणी में आने वाली संस्थाओं के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र, बैंक खाता, अंतिम जमा राशि की छायाप्रति, पंजीयन प्रकरण पत्र की छायाप्रति, संचालक मंडल का प्रस्ताव सहित कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) देवभोग जिला गरियाबंद में दिनांक 04-08-24 तक कार्यालयीन समयावधि के भीतर जमा किया जा सकता है।

# वर्ष 2005 की सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों की नियुक्ति पर उठ रहे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 29 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2005 में जिले में सहायक ग्रेड -3 के लिए सीधी भर्ती की गई थी जिसमें जिले के कई लोगों की नियुक्ति हुई थी वहीं अब नियुक्ति पर सूचना के अधिकार से प्राप्त दस्तावेज ने नियम कायदों की परते उधेड़ दी है बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल, ग्राम -चर्रा निवासी ने वर्ष - 2023 में कलेक्टर कार्यालय धमतरी में सूचना के अधिकार के तहत सहायक ग्रेड - 3 भर्ती एवं नियुक्ति के संबंध में जानकारी के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था आवेदन के जवाब में कलेक्टर सूचना प्रकोष्ठ ने आवेदक को 1 मार्च 2023 को जानकारी देते हुए लेख किये कि जिले में सहायक ग्रेड - 3 की नियुक्ति बैकलाग विशेष भर्ती अभियान के तहत हुआ था जिसमें रोजगार कार्यालय से प्राप्त सूची के अनुसार नियुक्ति किया गया था और किसी प्रकार की निविदा/ ज्ञापन प्रशासन नहीं किया गया है वहीं आरटीआई कार्यकर्ता मोहन पटेल ने सीधी भर्ती को लेकर लेनदेन व सांठ गांठ का आरोप लगाते हुए तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि शासन

## आरटीआई से हुआ गड़बड़ी का खुलासा




प्रशासन द्वारा छोटी से बड़ी शासकीय नौकरियों के लिए विज्ञापन प्रकाशन की प्रक्रिया कराया जाता है तो जिले सहायक ग्रेड -3 की नियुक्ति में विज्ञापन प्रकाशन क्यों नहीं कराया गया इससे प्रतीत होता है कि चिन्हित लोगों को फायदा पहुंचाने कि नीयत से विज्ञापन प्रशासन की प्रक्रिया नहीं कराया गया है जिले में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के हजारों बेरोजगार नौकरी के तलाश में थे लेकिन चिन्हित लोगों को सीधा लाभ देने के लिए सीधी भर्ती की प्रक्रिया करके रोजगार कार्यालय से सूची मंगवाकर नियुक्ति किया गया है नियुक्त किये गए कर्मचारी वर्तमान समय मे तहसील, अनुविभागीय अधिकारी, कलेक्टर कार्यालयों में उच्च स्तर में पदस्थ है उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2005 की नियुक्ति प्रक्रिया की सघनता से जांच कर कार्रवाई की जाए अगर कार्रवाई नहीं किया जाता है हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की बात कही है।

## एक नजर

### नगर के होनहार छात्र धीरेन्द्र करेंगे आईआईटी बीएचयू वाराणसी में पढ़ाई

**छुरा, 29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के होनहार छात्र धीरेन्द्र



कुमार वैष्णव क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी है जिन्होंने वर्षो बाद पहली बार ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए जेईई की परीक्षा पास करके देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय बीएचयू वाराणसी में आईआईटी में सिविल ट्रेड में प्रवेश पाने में सफलता हासिल किया और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है विदित हो कि देश में कठिन परीक्षाओं में जेईई परीक्षा को आईएएस आईपीएस के बाद दूसरी सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है जो कि विभिन्न इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है कक्षा बारहवीं पीसीबीएम लेकर उत्तीर्ण छात्र इसके लिए पात्र माने जाते है आईआईटी के लिए दो बार परीक्षा जेईई मेंस एवं जेईई एडवांस होती है जिसे अच्छे अंको से पास करना होता है पश्चात रैंक के अनुसार ट्रेड आबंटित होता है धीरेन्द्र वैष्णव प्रारंभ से ही होनहार रहा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल की पढ़ाई छुरा नगर में किया पश्चात प्रयास विद्यालय रायपुर में बारहवीं तक पढ़ाई किया साथ ही उन्होंने सोसल मिडिया यूटूब की कोचिंग की सहायता से 10-12 घंटे प्रतिदिन पढ़ाई कर यह गौरव हासिल और आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरक बने धीरेन्द्र ने बताया कि जब वे दसवीं में पढ़ रहे थे तभी अपने शिक्षक से आईआईटी गुवहाटी के संदर्भ में सुना तभी से आईआईटी के लिए लक्ष्य तय कर लिया था और तैयारी में लग गया मेरी इस तैयारी में प्रयास विद्यालय के शिक्षकों का एवं आनलाइन कोचिंग पी डब्लू के शिक्षकों तथा पालकगणों का भरपूर योगदान रहा मैं अपने अनुजों को संदेश और सलाह देना चाहता हूं कि पहले लक्ष्य निर्धारित करें तथा बहुत लगन और मेहनत से जी जान लगाकर प्रयास करे तो सफलता अवश्य मिलेगी उनकी इस उपलब्धि पर ललित वर्मा, दिलीप कुमार साहू, हीरालाल साहू, यूनूश परवेज खान, धनंजय वर्मा, गोपाल सोनी, मयाराम साहू, प्रकाश वैष्णव, चन्द्रवती सिन्हा, यशवन्त सिन्हा, राजेश्वरी वर्मा आदि ने बधाई दी।

### कलेक्टोरेट में तोड़फोड़ व आगजनी की घटना में शामिल 2 और आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 10 जून को





बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है।। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन करने वाले, पत्थरबाजी करने एवं तोड़फोड़ में शामिल आरोपियों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। जिसके तहत पुलिस द्वारा 28 जुलाई को प्रकरण में शामिल आरोपी यादराम हिरवानी को पकडा गया है। यादराम हिरवानी जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी एवं शासकीय शिक्षक है। इसके साथ ही एक अन्य आरोपी तिलक धृतलहरे निवासी ग्राम मूडियाडीह को भी पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में आज दिनांक 28.07.2024 तक की स्थिति में बलौदाबाजार में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले कुल 173 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# पहली ही बारिश में मुख्य मार्गों का डामर उखड़ा, सड़कों में जगह-जगह हो गए गड्ढे

## नगर के मुख्य मार्ग में जगह-जगह हुए गड्ढों से बढ़ी दुर्घटना की आशंका, पिछले साल ही विभाग ने कराई थी मरम्मत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 29 जुलाई।** बारिश लगते ही एक बार फिर छुरा क्षेत्रवासियों के लिये नगर के सड़को पर सफर करना किसी इम्तिहान से कम नहीं है नगर के मुख्य मार्गो पर पानी जमा हो जाने के कारण सड़को पर जगह जगह गड्ढे हो गये है गड्ढो मे पानी भरे होने के कारण सड़क से गुजरने वाले लोग आये दिन दुर्घटना का शिकार होने लगे है।

नगर के बजरंग चौक से मडेली मार्ग कि हालत ज्यादा खस्ताहाल हो गई है शिव चौक से टिकरीहा पेट्रोल पम्प के बीच कि सडके काफी खराब हो गई है गड्ढो मे बारिश का पानी भरे होने के कारण वाहन चालको को गड्ढा दिखाई नहीं देता जिस वजह से आये दिन दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे है।

हालांकि लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी गड्ढो पर मिट्टी डालकर गड्ढो को पाटने का काम कर रहे है लेकिन उनका यह प्रयोग सफल नहीं हो पा रहा है क्योंकि ज़ब सड़क पर पानी जमा होने कि वजह से सड़क कि डामर नहीं टिक पा रही है तो विभाग द्वारा डाली गई मिट्टी कब तक टिक पायेगी बल्कि मिट्टी डालने कि वजह से वहा दलदल जैसे स्थिति निर्मित हो जायेगी जिससे लोगों कि समस्या और बढ़ जायेगी।

यही हाल कोमाखान सड़क कि है कोमाखान रोड़ पर चंचल टेडर्स, और



शराब भट्ठी के पास सड़क काफ़ी खराब हो चुकी है इस मार्ग पर सबसे ज्यादा आवाजाही रहती है। सड़क मे हुए जगह जगह गड्ढो के चलते इस मार्ग पर भी आये दिन दुर्घटना होना आम बात हो गई है।

एक साल पूर्व ही लोकनिर्माण विभाग द्वारा गड्ढो को पाटकर डामरीकरण कराया गया था लेकिन विभाग द्वारा कराये गये सड़क मरम्मत कार्य ने पहली बारिश नहीं झेल पाई, छुरा क्षेत्रवासियों ने मांग कि है कि छुरा से मडेली होते हुए राजीम पहुंच मार्ग का फिर से डामरीकरण के साथ ओड़िसा सहित महासमुन्द जिले से गरियाबंद पहुंच मार्ग को चौडीकरण करने कि मांग कि है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 29 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान अत्यंत लगन एवं मेहनत से महत्वपूर्ण जानकारी तैयार कर, उसे समय सीमा में वरिष्ठ कार्यालय प्रेषित करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान 15 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को उनकी सेवा पुस्तिका में नगद राशि से पुरस्कृत कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 27 जुलाई पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान अत्यंत लगन एवं मेहनत से महत्वपूर्ण जानकारी तैयार कर, उसे समय सीमा में वरिष्ठ कार्यालय प्रेषित करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को



सम्मानित किया गया। विदित हो कि 22 से 26 जुलाई तक छत्तीसगढ़ षष्ठम विधानसभा मानसून सत्र आहूत किया गया था। कार्रवाई के दौरान वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त विधानसभा से संबंधित तारांकित, अतारांकित, ध्यानाकर्षण, स्थगन एवं अति महत्वपूर्ण प्रश्नों की जानकारी पुरस्कृत अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा अत्यंत लगन एवं मेहनत से तैयार कर समय सीमा पर वरिष्ठ कार्यालय प्रेषित किया गया, जिसके फलस्वरुप निम्नांकित 15 अधिकारी/कर्मचारियों को उनकी सेवा पुस्तिका में नगद राशि से पुरस्कृत कर तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सहायक उप निरीक्षक अश्वनी पडवार, सहायक उप निरीक्षक देवचंद भतहरी, प्रधान आरक्षक तुलेश चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक चंद्रभान पांडेय, प्रधान आरक्षक राम विष्णु सोनवानी, प्रधान आरक्षक प्रेम शंकर निषाद, आरक्षक कमलेश मरावी, आरक्षक आनंद मोहन राय, आरक्षक प्रदीप निराला, आरक्षक गोवर्धन ध्रुव, आरक्षक रोहित निषाद, आरक्षक कुशल कैवर्त आरक्षक राजू पटेल, आरक्षक सोमेश्वर खूंटे, आरक्षक धनेश्वर वर्मा का सम्मान किया गया है।

### जन्मदिन पर बच्चों को कराया न्यौता भोज

**तिल्दा-नेवरा, 29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के नारायणदास बगड़िया पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा 2 में छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के भाजपा नेता जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, राम पंजवानी, नरेंद्र शर्मा, ईश्वर यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा,विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नपा, चंद्रकला वर्मा पार्षद, मनोज निषाद पार्षद, सुधा चौबे पार्षद, सौरभ जैन शहर महामंत्री, मुख्यरूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई की सामग्री वितरण किया। पानी बोतल, हेयर बेल्ट आदि सामग्रियों को छात्र-छात्राओं में वितरण किया गया। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने संबोधित किया। विद्यालय के प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार टंडन ने विद्यालय के गतिविधियों पर जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा सप्ताह के अंतर्गत स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम लगातार प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है। इसमें इको क्लब का गठन एवं वृक्षारोपण खेल, योग, कला संस्कृति अन्य कार्यक्रम स्कूल में संचालित हो रहे हैं।

## आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला में लोकतांत्रिक प्रणाली से चुनी गई बाल संसद

# मोहन ने प्रधानमंत्री व पद्मिनी ने उपप्रधानमंत्री की कमान संभाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 29 जुलाई।** दर्ज संख्या के मान से उच्च प्राथमिक स्तर के जिला के सबसे बड़े विद्यालय आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में लोकतांत्रिक प्रणाली से बाल संसद का गठन किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रभूषण निषाद एवं उमेश कुमार ढीढी द्वारा पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का पालन करते हुए चुनाव सम्पन्न कराया गया। विधिवत अधिसूचना जारी कर प्रत्याशियों का फॉर्म भरते हुए मतदान कराया गया। सभी पदों के प्रत्याशियों ने घोषणा पत्र जारी करते हुए अपने-अपने पक्ष में वोट मांगा। कांटे की टक्कर में प्रधानमंत्री का ताज मोहन ध्रुव के सर पर सजा। होनहार छात्र पद्मनी साहू को उप प्रधानमंत्री का दायित्व मिला। इस अवसर पर प्रधानपाठक निर्भय सिंह ठाकुर ने कहा कि बाल संसद बच्चों का एक ऐसा मंच है जिसमें अपने अधिकार की चर्चा कर सकते हैं। संवैधानिक अधिकारों की जानकारी ले सकते है। किसी मुद्दे पर प्रखरता से तर्क वितर्क कर सकते हैं। राजनीतिक जीवन की शुरुआत हेतु बाल



संसद एक उत्तम मंच है।

संचालन वरिष्ठ शिक्षक मुरारी राम देवांगन ने किया। एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए जामुन, नीम, करंज का पौधा रोपित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक मदन लाल सेन, अर्जुन धनंजय सिन्हा, सुशील कुमार पांडे, करुणा वर्मा, प्रोतिमा शर्मा, पीली बाई, कविता, रुक्मणी शामिल थे।

बाल संसद में शिक्षा मंत्री आकांक्षा ध्रुव, आराध्या यादव, खेल एवं बाल कल्याण मंत्री निमिषा ध्रुव, मोहित ध्रुव, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री हुमन लाल, कोमेश्वरी निषाद, पोषण आहार मंत्री ईशा ठाकुर, विगेद्र, स्काउट एवं गाइड्स मंत्री लुसेन, प्रीति साहू, अनुशासन मंत्री यामिनी नायक, पंकज साहू रेडक्रॉस मंत्री प्रियांशी साहू, जितेंद्र सोरी, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक मंत्री नेहा निषाद, नंदकुमार ठाकुर, पुस्तकालय मंत्री धनेन्द्र कंवर, तनुजा, जल संसाधन मंत्री हिमांशु निर्मलकर, रागिनी, पर्यावरण मंत्री लकेश्वरी ध्रुव, लोचन नागेश, खोया पाया विभाग मंत्री शिव कुमार, पूजा ध्रुव, विज्ञान एवं प्रयोगशाला मंत्री हर्षिता ठाकुर, पूरब चक्रधारी, वेशभूषा मंत्री फाल्गुनी यादव, देवेंद्र ठाकुर एवं राष्ट्रपति के रूप में सानिया यादव का चयन किया गया।

कक्षा नायक के रूप में चिराग साहू, सोनिया टांडे, सेवती, हितेश, अर्चना, योगिता एवं उप कक्षा नायक के रूप में खुशी सोनवानी, शिवानंद साहू, यमेश्वर, ललित, गीतेश्वर मोगरे, सत्यम यादव चुने गए। बाल संसद के सभी पदाधिकारी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया निर्वाचन अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## समाचार संक्षेप

### डॉ. आडील ने दीप जलाकर किया राज्य स्टेट कुराश स्पर्धा का शुभारंभ



**भाटापारा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अमरजीत सलूजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट सबजुनियर, जूनियर, सीनियर बालक बालिका, पुरुष महिला कुराश स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।बलौदाबाजार भाटापारा जिला कुराश संघ के द्वारा डॉ जे के आडिल की स्मृति में भाटापारा के मयूर शिशु मंदिर स्थित इंडोर हाल में आयोजित किया गया। चैंपियनशिप का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ विकास आडिल, विशिष्ट अतिथि अमर जीत सिंह सलूजा अध्यक्ष जिला कुराश संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला कुराश संघ सुरेश भानुशाली, कोषाध्यक्ष जिला कुराश संघ लक्ष्मी नारायण सोनी, रविंद्र जैन ने किया, चैंपियनशिप में प्रदेश भर से 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमे रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार भाटापारा जिले के खिलाड़ियों ने भाग लिया, डॉ विकास आडील ने आशीर्वचन स्वरूप खिलाड़ियों एवम युवाओं को डाइट एवम खेल जीवन में अनुशासन का महत्व बताया वही बाकी अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेल के साथ शिक्षा का महत्व बताया।

### सूने मकान में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**भाटापारा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर विक्रम सबलानी निवासी स्वामी तेउराम कॉलोनी शहीद हेमू कल्याणी वार्ड मे चोरी की घटना को पुलिस पूरी तरह से गंभीरता से ले रही है. बीति रात 12.05 से 1.01 बजे तक़ का है. आरोपियो के फूटेज मिल चुका है. पीड़ित परिवार दोपहर मे किसी काम से घर के बाहर लॉक करके रायपुर निकले थे.सुने घर को बाहर से देखकर ही सुनेपन का फायदा उठाकर आरोपियो द्वारा घटना को अंजाम दिया पुलिस ने मामला दर्ज़ किया.और एफएस एल की टीम, डाग स्कावड, फिंगर प्रिंट, की मदद से पुलिस अज्ञात चोरो की पतासाजी कर रही है। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार sdop भाटापारा ने भी तत्काल घटनास्थल का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश थाना प्रभारी भाटापारा को दिए है. साथ ही भाटापारा शहर थाना टी.आई.परिवेश तिवारी व पुलिस की तीन टीम लगातार इस अज्ञात चोरी की पतासाजी मे लगी है. एक टीम लगातार cctv फूटेज को खंगाल रही है, दूसरी टीम मैन्युअल सूचना संकलन के साथ साइबर सेल की हेल्प से टावर डंप व सेल आई डी एनालिसिस मे लगी है, अन्य टीम दूसरे जिले की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर पतासाजी मे लगी है।

### गिधनी में सावन मास परायण रामायण पाठ का आयोजन



**छुरा, 28 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम गिधनी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम के शीतला मन्दिर प्रांगण में प्रथम दिवसीय भगवान भोलेनाथ मां शीतला की पूजा अर्चना कर सावन माह सोमवार से प्रारंभ हुआ है। सावन माह में पूरे एक माह तक प्रतिदिन शाम को मंत्रोच्चारण स्तुति के साथ श्रीरामचरित्र मानस मास परायण रामायण पाठ किया जा रहा हैं। विगत वर्षा से सावन पाठ करते आ रहे है। विदित हो कि ग्रामीण अंचलों में यह परंपरा कोई वर्षो से करते आ रहे है जिसे मानस परिवार द्वारा विगत वर्षो से इस परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।जिसमे ग्रामीण जनों का विशेष सहयोग हो रहा है सावन माह में शिव भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ को प्रसन्ना कर मनौती मांग कर पूर्ण करने की



परंपरा है।कोई जल चढ़ाकर कोई कांवर यात्रा तो कोई तीर्थाटन करके अपने को धन्य करते है।इसी प्रकार राम भक्तों द्वारा रामचरित्र मानस पाठ करके अपने को धन्य तथा संसार को पवित्र करने का कार्य किया जाता है मानस मित्र परिवार के सभी सदस्यों के द्वारा विधि विधान से संकल्प लेकर पाठ शुभारंभ किया गया।रामायण पाठ करने वाले में से प्रमुख रूप से कोमलसिंग ठाकुर, पुनितराम ठाकुर, यादराम ठाकुर, चेतन ठाकुर, लेखराम ठाकुर, योगेन्द्र ठाकुर, विजय ठाकुर, तामेश्वर ठाकुर सहित इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### एसपी ने वटगन व रोहांसी चौक का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 29 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वटगन एवं रोहांसी में सडक मार्ग स्थित मुख्य चौंक का निरीक्षण किया गया। यह दोनों ग्राम व्यापारिक, भीड़भाड़ एवं अन्य दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण ग्राम है तथा इन ग्रामों में स्थित दोनों चौक में विगत कुछ दिनों में सड़क दुर्घटना होने कि सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इन दोनों मार्गो में अक्सर लोगों का भीडभाड रहता है तथा ग्राम सरपंच एवं आमजनों के अनुसार चौक से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार की काफी तेज रहती है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अमृत कुजुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात व थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह को दोंनो स्थानों में आवश्यक संख्या में स्टॉपर लगाने, वाहनों की रफ्तार को कम करने के लिए ड्रम, टायर आदि एवं संकेतक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना पलारी की पेट्रोलिंग पार्टी के माध्यम से नियमित अंतराल में दोनों ग्राम के सडक मार्ग मुख्य चौक में पेट्रोलिंग के लिए निर्देशित किया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र 202407092300026-अ/74- वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समिक वर्मा पिता मनीराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम अन्यानवागांव तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र कानसू वर्मा पिता समिक वर्मा का दिनांक 23.02.2010 को ग्राम अन्यानवागांव में जन्म हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र कानसू वर्मा पिता समिक वर्मा का दिनांक 23.02. 2010 को ग्राम अन्यानवागांव में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह 07.08.24 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़**

## एक नजर

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 29 जुलाई।** खम्हारडीह और खमतराई थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बाजार चौक सकरी निवासी प्रार्थी लुकेश्वर साहू 30 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवाय 3121 को अनुपम नगर के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे ही मामले में जगन्नाथ चौक कोटा निवासी विरेन्द्र कुमार वर्मा ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडब्लू 5784 को बंजारी के बाजार गेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 29 जुलाई।** खरोरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम निलजा बाजार चौक के पास अवैध शराब के साथ आरोपी शक्ति सिंग 34 वर्ष व सतीश कुमार 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 32 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

**रायपुर, 29 जुलाई।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मेटल पार्क रोड रावाभाठा में सरेआम शराब पीते आरोपी नरेंद्र देवांगन 30 वर्ष व ईश्वर साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी अरूण कुमार देवांगन 54 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी विजय चौहान 52 वर्ष, राहुल शर्मा 40 वर्ष व डोमेंद्र जंघेल 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरहह आमानाका पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह 32 वर्ष व मोनु सिंह 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी विजय खरे 23 वर्ष, ललीत 35 वर्ष, सूरज आडिल 24 वर्ष व राजाराम वर्मा 63 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राखी पुलिस ने आरोपी सोनिया भारती 22 वर्ष व अभनपुर पुलिस ने आरोपी रमेश गिलहरे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### शराब भट्ठी के पास युवक की मिली लाश, इलाके में फैली सनसनी



**रायपुर 29 जुलाई।** राजधानी रायपुर के विधानसभा मंडल के मांढर शराब भट्ठी के पास एक युवक की लाश मिली है. लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट में जुट गई है. यह मामला विधानसभा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार रविवार की शाम मांढर शराब भट्ठी के समीप खेत में एक अज्ञात युवक की लाश मिली. घटना की सूचना मिलते ही विधानसभा पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई. मृतक युवक की पहचान मांढर से लगे गिरौद गांव निवासी नितेश पटेल के रूप में हुई. मामले में पुलिस ने क्षेत्र में पूछताछ शुरू की. इस दौरान कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ किया. पूंछताछ में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं और जल्द ही हत्या का खुलासा हो सकता है. इस हत्या की वारदात में करीब आधा दर्जन हत्यारों के शामिल होने की आशंका है।

## निधन

### नन्दलाल तिवारी



**रायपुर 29 जुलाई।** आजाद चौक, ब्राह्मणपारा निवासी श्री नन्दलाल तिवारी, उम्र 84 वर्ष (जिया वाले) का आज 28 जुलाई रात्रि दुखद निधन हो गया है। वे कलेक्ट्रेट रायपुर के अधीक्षक के पद से सेवानिवृत हुए थे। उनकी अंतिम यात्रा आज सोमवार दिनांक 29 जुलाई 2024 को निज निवास आजाद चौक ब्राह्मण पारा से महादेव घाट मुक्तिधाम के लिए प्रातः 10 बजे प्रस्थान करेगी। ये आनंद, अमित, मीना, आशा एवम ममता के पिता थे। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने मृत आत्मा के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# नगरीय निकाय चुनाव : टिकिट के दावेदार कर रहे आकाओं की गणेश परिक्रमा

## परिसीमन ने बदले राजनीतिक समीकरण

**मुख्य नगर संवाददाता**

रायपुर, 29 जुलाई। नगरीय निकायों में महापौर व पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक महत्वाकांक्षी नेता अब टिकिट के लिए मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों की गणेश परिक्रमा कर रहे हैं। महापौर पद के आरक्षण को लेकर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। इसके पश्चात सभी अपनी-अपनी दावेदारी करेंगे। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सत्तारूढ़ दल भाजपा के कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारी मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्रियों से मिलकर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। विधानसभा में दावेदारों का हुजुम लगा हुआ था। मुख्यमंत्री के दिल्ली जाने के बाद कैबिनेट तथा भारसाधक मंत्रियों के निवास में टिकिट मांगने वालों का तांता लगा हुआ है। ज्ञात रहे आगामी वर्ष होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। नगरीय निकाय के निर्देशानुसार परिसीमन के बाद मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद महापौर और पार्षदों के वार्डों का आरक्षण लॉटरी के माध्यम से होगा। सरकार इस वर्ष आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के निर्देश के आधार पर आरक्षण देने पर विचार कर रही है।

### परिसीमन को लेकर दावा-आपत्ति शुरू

वार्डों का परिसीमन कर दिया गया है। सरकार द्वारा दावा-आपत्ति मंगाई गई है। सभी संभावित प्रत्याशियों के वार्ड परिसीमन में नई सीमाओं को देखकर होश उड़ गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने इस पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से मिलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। स्वामी आत्मानंद वार्ड में आधा रामकुंडपारा को मिला दिया गया है। वहीं समता कालोनी के 11 एकड़ को चूड़ामणि वार्ड में जोड़ दिया गया है। इससे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वरूपचंद जैन एवं राजेश बिस्सा नाराज हैं। माधवराव सप्रे, खूबचंद बघेल वार्ड में भी यही स्थिति है। इसके भी अनेक सीमाओं में काट-छांट कर दी गई है। नगरीय निकाय चुनाव कराने के पहले शासन द्वारा ही दावा आपत्ति सुनी जा रही है। डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी इसकी सुनवाई कर रहे हैं। वर्तमान में राजधानी रायपुर में 70 वार्ड हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कई गांवों को नगर निगम की सीमा में जोड़ा गया है जिससे नए राजनीतिक समीकरण बनने के आसार हैं।

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड की सुशीला धीवर ने बताया कि उनके वार्ड की सीमाओं को भी बदला गया है। कचना सड्डू को एक वार्ड बनाने के बजाय इसे तीन वार्डों में विभाजित कर दिया गया है। महामाया मंदिर वार्ड, लक्ष्मीनारायण दास वार्ड की भी यही स्थिति है। जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत सात वार्ड आते हैं। पहला ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, दूसरा डीडी नगर, तीसरा सुंदर नगर, चौथा खूबचंद बघेल, पांचवा माधवराव सप्रे, एवं महामाया वार्ड की सीमाएं भी बदली गई है। नागरिकों का कहना है कि नए वार्ड तो नहीं बनाए गए हैं लेकिन सीमाएं बदल दी गई है जिसके कारण शासकीय दस्तावेजों आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं आयुष्मान कार्ड में वार्ड का नाम तथा क्रमांक बदलना पड़ता है। इसके कारण नागरिकों को चक्कर लगाने पड़ते हैं।

# उद्योगों को बढ़ावा देने वाला बजट: मंडाविया

■ केंद्रीय मंत्री से योगेश ने की भेंट



**रायपुर 29 जुलाई।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया बजट संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे। इस मौके पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत कर सौजन्य मुलाकात की। योगेश तिवारी के साथ उनके कई समर्थक भी मौजूद थे। छत्तीसगढ़ आगमन पर केंद्रीय मंत्री ने योगेश तिवारी से कई पहलुओं पर चर्चा भी की। आम जनमानस खासकर युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर पेश केंद्रीय बजट पर योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री मंडाविया को बधाई दी। इस विषय पर चर्चा करते हुए मंडाविया ने बताया कि यह बजट युवाओं और किसानों के रोजगार व सहायता पर केंद्रित है।केंद्र सरकार के बजट पर मनसुख मांडविया ने कहा कि, पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिला है। यह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। ये बजट गरीबों को सहायता देने और उद्योगों को बढ़ावा देने वाला है। ये बजट देश की आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने वाला है। किसानों की आय बढ़ानी जरूरी है, इसलिए 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### चलती बस में लगी आग

**रायपुर 28 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर में चलती बस में भीषण आग लग गई, चलते-चलते बस आग का गोला बन गई और कुछ ही समय में जल कर खाक हो गई. यह बस तिल्दा से रायपुर की ओर जा रही थी. आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. दो दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया मामला धरसीवा थाना इलाके का है. यह हादसा तब हुआ जब एक फैक्ट्री से कर्मचारियों को घर छोड़ने जा रही थी. बस में सवार 22 फैक्ट्री कर्मचारी और ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई. बस महेंद्र स्पंज फैक्ट्री से सरोरा तिल्दा के कर्मचारियों को घर लेकर जा रही थी।

# नए राज्यपाल के स्वागत की तैयारियां तेज

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 29 जुलाई।** राजभवन में नए राज्यपाल रामेन डेका के शपथ ग्रहण समारोह एवं स्वागत की तैयारी जोरशोर से चल रही है। वहीं निवर्तमान राज्यपाल बिस्वभूषण हरिचंदन से आज मिलने-जुलने वालों का तांता लगा रहा। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार नए राज्यपाल रामेन डेका को राजभवन के दरबार हाल में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा शपथ दिलाएंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आयोजित किया गया है। नए राज्यपाल के आज प्रदेश आने की सूचना है। राजभवन के अनुसार बिस्वभूषण हरिचंदन से आज समाज के विभिन्न वर्ग के लोग मिलने आए। विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भी मुलाकात की। नए राज्यपाल को पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री साय आज दिल्ली से लौट रहे हैं। सीएम व कैबिनेट मंत्री नए राज्यपाल का विमानतल में स्वागत करेंगे। असम के मूल निवासी रामेन डेका पहले सांसद थे। वे भाजपा के संस्थापकों में से एक हैं। राज्यपाल के आने के पश्चात राजभवन में भी प्रशासनिक फेरबदल की संभावना है। वे समन्वय समिति की बैठक लेंगे जिसमें छात्रसंघ चुनाव, शैक्षणिक कैलेण्डर सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

# महापौर ढेबर ने एसएसपी से मिलकर रखा अपना पक्ष



**रायपुर 29 जुलाई।** राजधानी के महापौर एजाज ढेबर पर विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर कांग्रेस के विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस के साथ बदसलुकी और झूमा झटकी के आरोप में किया जाना बताया गया था। अपने ऊपर हुई एफआईआर को चुनौती देते हुए महापौर ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और पूरी स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा का घेराव किया गया था, घेराव के दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा वाटर कैनन और लाठियां सहित अन्य तरीकों का इस्तेमाल किया गया। इसके विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच झूमा झटकी हुई और बीच बचाव के दौरान मुझे भी चोंटे आई, इसके लिए मुझे अस्पताल में एडमिट भी होना पड़ा। उन्होंने एक वीडियो का भी जिक्र किया जिसमें पुलिस वालों द्वारा उन्हें धकेला जा रहा है। अपने ऊपर हुई एफआईआर की पूरी जांच करवाने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग महापौर ने की है। इस दौरान उनके साथ पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय समेत अन्य कांग्रेसी नेता शामिल रहे।

## छत्तीसगढ़ के 17 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी

**रायपुर 29 जुलाई।** प्रदेश के लगभग सभी जिलों में बारिश का दौर जारी है। जिसके चलते जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। ?कई नदी और नाले उफान पर है, तो कहीं बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में बारिश को लेकर मौसम विभाग लगातार चेतावनी दे रहा है। इसी बीच विभाग ने आज फिर कई जिलों के लिए भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज प्रदेश के 17 जिलों में भारी बारिश होगी। इस बीच 17 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। जहां भारी बारिश हो सकती है। अगले दो दिनों में भी सरगुजा और बस्तर संभाग के एक दो जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। लगातार हो रही बारिश से प्रदेश की नदियां, बांध और तालाबों में पानी का लेवल बढ़ गया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश की अलर्ट जारी कर दिया है।

### नवीन जिन्दल को महात्मा हंसराज गौरव सम्मान

**रायपुर 29 जुलाई ।** नई दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के 77वें स्थापना दिवस समारोह में कुरुक्षेत्र के सांसद और देश के अग्रणी उद्योगपति नवीन जिन्दल को महात्मा हंसराज गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के लिए लंबा कानूनी संघर्ष करने और उसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए नवीन जिन्दल के अथक प्रयासों की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंच से भरपूर तारीफ की। राजनीति, उद्योग, शिक्षा जगत और पोलो, निशानेबाजी जैसे खेलों को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल को हंसराज कॉलेज ने दो दिन पूर्व अपने 77वें स्थापना दिवस पर खास मेहमान के रूप में आमंत्रित किया था। जिन्दल ने इसी कॉलेज से कॉमर्स में डिग्री हासिल की है।

# चमत्कारिक उपचार से संतान देने का दावा करने वाले बाबा पर कार्रवाई हो: दिनेश मिश्र



**रायपुर 29 जुलाई।** अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा महासमुन्द जिले के ग्राम बूटीपाली में निसंतान दंपत्ति को संतान दिलाने के नाम पर गुमराह करने, भ्रम में डालने, अंधविश्वास फैलाने का मामला सामने आया है.जो प्राकृतिक एवम चिकित्सा विज्ञान के भी पूर्णत विपरीत एवम ग्रामीण जनों को धोखे में डालने वाला है. ऐसे व्यक्ति की जॉच कर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए. डॉ मिश्र ने जिलाधीश एवम अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की है.

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा ग्राम बूटी पाली महासमुंद में पीतांबर जगत नामक व्यक्ति,उम्र करीब 40 वर्ष शिक्षा पांचवी, कुछ दिनों से अपना दरबार लगा रहा है और लोगों को नीबू खिलाकर झाड़ फूंक कर निसंतान दंपत्ति को संतान दिलाने,बीमारियों को ठीक करने के दावे कर रहा है,

उक्त व्यक्ति पीताम्बर जगत के जो दावे हैं जो चिकित्सा विज्ञान की दृष्टि से अप्रामाणिक एवं झूठे हैं, जिन दावों की चर्चा उसने खुद वीडियो में भी की है यह वीडियो भी संलग्न है, फिर भी उन दावो की जानकारी निम्न अनुसार है

उक्त बाबा पीतांबर जगत का दावा है कि उसके द्वारा खिलाए गए प्रसाद नींबू खिलाने के 15 मिनट में निसंतान दंपतियों में गर्भधारण हो जाता है . उस व्यक्ति दरबार में जो भी महिला जाती है ,जिसका कथित गर्भधारण होता है यदि वह सोनोग्राफी कराया जाएगा तो गर्भ नहीं दिखाई देगा , जबकि चिकित्सा विज्ञान में लेकिन अगर किसी भी व्यक्ति की सोनोग्राफी की जाती है तो उसके शरीर में जो भी तत्व, अंग हैं उसकी जानकारी निश्चित रूप से होती है.यह बाबा लोगों को गुमराह कर रहा है कि इसके इलाज से चार से पांच महीने में भी तीन चार किलो वजन का स्वस्थ बच्चा पैदा हो सकता है जबकि अगर कोई बच्चा 9माह के समय के पहले पैदा होता है , यहां तक छठवें सातवें महीने में भी पैदा होता है तो वह प्री मेच्योर डिलीवरी मानी जाती है जिसमें बच्चों को हाई रिस्क होता है उसे संक्रमण का खतरा होता है. उक्त बाबा का यह भी दावा है कि उसके आशीर्वाद से कोई भी उम्र दराज महिला भी गर्भवती हो सकती है ,इसमें उम्र का कोई बंधन नहीं है 50 वर्ष की उम्र से ऊपर की महिला भी गर्भवती हो सकती है जिसका मासिक धर्म भले बंद हो चुका हो . उक्त बाबा का एक और दावा है कि उसके आशीर्वाद से गर्भ धारण भी होगा लेकिन मासिक धर्म भी चलता रहेगा जो कि बिल्कुल ही दोनों प्रसूति विज्ञान के विपरीत बातें हैं जब किसी महिला गर्भवती होती है तो उसकी मासिक धर्म बंद होता है और उसके शरीर में गर्भ पलता बढ़ता है और मासिक धर्म दुबारा तभी शुरू होता है वह बच्चा पैदा हो जाता है।

# अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी को रायपुर लाने की तैयारी



**रायपुर 29 जुलाई।** केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नकली होलोग्राम मामले में मेरठ जेल में बंद शराब कारोबारी अनवर ढेबर और पूर्व आबकारी अफसर अरुणपति त्रिपाठी को रायपुर लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को भेजा गया है। हालांकि, अनवर और अरुणपति के वकीलों ने इस वारंट के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद ही ईडी उन्हें रायपुर ला सकेगी। बता दें कि अनवर और अरुणपति मेरठ जेल में न्यायिक रिमांड पर हैं, जबकि यूपी एसटीएफ ने तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने छत्तीसगढ़ में कई लोगों से पूछताछ की है और अनवर और अरुणपति से मिली जानकारी की पुष्टि करना चाहती है। कानूनी जानकारों के अनुसार, हाईकोर्ट के आदेश के बिना उन्हें रायपुर नहीं लाया जा सकता। यूपी पुलिस द्वारा चालान पेश करने के बाद ही उन्हें रायपुर लाना संभव होगा। इसमें एक से डेढ़ माह का समय लग सकता है।

# सर्व ब्राह्मण समाज तथा बेटी बचाओ मंच की निकली भव्य बोल बम कांवर यात्रा

**रायपुर 29 जुलाई।** ग्यारह पंडितों और धर्म ध्वज लिए शिव भक्तों ने सर्व ब्राह्मण समाज तथा बेटी बचाओ मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई में समाज, बेटी बचाओ मंच तथा जय मां रणचंडी महिला समिति ने भव्य बोल बम कांवर यात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बुढेश्वर महादेव में पूजा अर्चना पश्चात पंडित महेश पांडे ने सभी कांवरियों का मंगल तिलक लगाया। नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने धर्मध्वज लहराकर बोल बम के जय घोष तथा ग्यारह पंडितों की शंख ध्वनि के साथ कांवरियों की विदाई दी। कांवर यात्रा की व्यवस्था में जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा, कोषाध्यक्ष गिरीश दुबे,जे पी शर्मा, नीरज शर्मा, धनंजय शर्मा, विजयकांत शर्मा, हेमंत तिवारी, सुमित शर्मा, चंदन पांडेय, चंद्रप्रकाश बाजपेई, रत्ना शर्मा, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, राजकुमार गौतम, ऋषि कुमार,



बजरंग ठाकुर तथा यतीश सोनी संभाले हुए थे । यात्रा में शिव नंदी का किरदार निभा रहे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। सुबह 11-00 बजे बुढेश्वर महादेव से जल लेकर महादेव घाट के लिए कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। यात्रा के साथ दो भगवा वस्त्रधारी पंडित दो सफेद घोड़े में सवार चल रहे थे । लाखे नगर चौक में आतिशबाजी कर कांवरियों का स्वागत किया गया। वही चौधरी परिवार तथा शिव शक्ति समिति अश्वनी नगर की ओर से स्वल्पाहार के साथ स्वागत किया गया । कांवरियों का बेटी बचाओ मंच तथा जय मां रणचंडी महिला समिति ने भव्य स्वागत किया तथा यात्रा में शामिल हुए । सुंदर नगर चौक में पार्षद मृत्युंजय दुबे ने स्वागत किया वह फलाहार का वितरण किया। महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक तथा शिव आरती व भोजन प्रसादी के साथ कांवर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा की खास बात यह रही कि बिना पुलिस व्यवस्था के कार्यकर्ताओं ने ही व्यवस्था ऐसी संभाल रखी थी कि पूरे यात्रा में कहीं कोई यातायात बाधित नहीं हुआ ।यात्रा में मुख्य रूप से मुन्ना मिश्रा आशा शर्मा, मल्लिका मिश्रा, प्रियंका पांडे, दिलीप तिवारी, विनीत दुबे, हेमंत तिवारी, वंदना दुबे, बेटी बचाओ मंच की ओर से कृष्णा वर्मा, गीता विश्वकर्मा, इमला ठाकरे, सरला इंग्ले, संतोषी जैतवार, अंजलि ध्रुव, प्रगति रहंगडाले ,अमृता पुष्पराज, माला विश्वकर्मा, हिना आडवाणी, प्रमिला निषाद, अंजली यदु, किरण कर्स, रुपा यदु, रीना ठाकुर, जय मां रणचंडी महिला समिति की ओर से ऋषि कुमार , लता छूरा, पूनम कुमार, अनुपमा दीप, निर्मला सागर, रामबाई जगत, पूजा सोनी, आकांक्षा सोनी, जान्हवी, जूही, गुग्गी सहित पदाधिकारी व सदस्य गण सैकड़ो की संख्या में शामिल थे ।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26